# दिव्य आकाश

चिलचिलाती गर्मी में उनकी भी चिंता करो एक सकोरा पानी भर इनकी भी प्यास बुझाओ...

सफलता के 14 वर्ष पूर्ण 14th दिव्य आकाश

सुविचार: अगर जो चाहा है, वह न मिले तो, जो मिला है उसे चाह कर देखो...।

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष 15, अंक-05 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 10 से 16 मई 2024 | पृष्ठ-8 मूल्य ₹ 3.00




## पंचकर्म चिकित्सालय में 13 मई को स्वर्ण बिन्दू प्राशन

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा की प्रसिद्ध पंचकर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. मनीषा सिंह ने बताया कि उनके द्वारा संचालित आयुर्वेद सदन पंचकर्म चिकित्सालय टीपी नगर कोरबा में प्रत्येक महीने के पुष्य नक्षत्र को 0 से 12 वर्ष के बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया जाता है। उन्होंने कहा कि दिन प्रतिदिन बढ़ते प्रदूषण एवं रासायनिक खाद्य पदार्थों से मासूम बच्चों का इम्युनिटी पॉवर कम हो रहा है, इसकी पूर्ति स्वर्ण प्राशन से संभव हो रहा है। उन्होंने माताओं से अपील करते हुए कहा है कि हर महीने पुष्य नक्षत्र को अपने बच्चों को पंचकर्म चिकित्सालय अवश्य लाएं, ताकि बच्चों को सुपोषित एवं स्वस्थ रखा जा सके। उन्होंने बताया कि इस माह की 13 तारीख को बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया जाएगा। उन्होंने इसके लिए प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक उनसे मिलने की अपील की है।

## सिंहदेव बोले-भूपेश सरकार में सरकारी तंत्र मेरे खिलाफ था

**सरगुजा ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के बाद पूर्व डिप्टी सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएस सिंहदेव ने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने को लेकर दिए बयान पर कहा कि, प्रशासनिक तंत्र उनके खिलाफ था। अफसर उनके और कांग्रेस पदाधिकारियों के खिलाफ काम कर रहे थे।

उन्होंने यह भी कहा कि, उनसे जुड़े विधायकों को तोड़ने के लिए एक व्यक्ति ने संपर्क किया था। वे चिंतामणि महाराज को टिकट देने के पक्ष में थे। सिंहदेव ने विधानसभा चुनाव में मिली हार, लोकसभा चुनाव में स्थिति और उन बातों पर भी चर्चा की, जिसको लेकर सार्वजनिक टिप्पणी करने से बचते रहे।

## महादेव सट्टा केस:श्रीलंका तक जुड़े हैं तार,बर्खास्त पुलिस आरक्षक ही 20 पैनल को करता था ऑपरेट

**रायपुर ( एजेंसी )।**

महादेव सट्टा ऐप केस में लगातार कई खुलासे हो रहे हैं। ईओडब्ल्यू की रिमांड पर बर्खास्त पुलिस आरक्षक अर्जुन यादव ने पूछताछ में कई हैरान करने वाली बातें बताई है। ईओडब्ल्यू का दावा है कि, एप के 20 से ज्यादा पैनल तो अर्जुन खुद ऑपरेट करता था। इसमें से 4 पैनल श्रीलंका में चलना बताया गया गया है।

वहीं अर्जुन यादव 1 पैनल कोलकाता में भी संचालन करता था। पूछताछ में जानकारी के बाद रायपुर पुलिस की टीम कोलकाता में कार्रवाई कर रही है। कोलकाता के कई ठिकानों पर दबिश देने की भी खबर है। साथ ही ईओडब्ल्यू को अर्जुन की मोबाइल से कई ग्रुप भी मिल हैं।

**200 से ज्यादा बैंक अकाउंट मिले, 3 करोड़ रुपए फ्रीज**

ईओडब्ल्यू की टीम अर्जुन यादव के मोबाइल फोन की जांच कर रही थी। इसमें महादेव ऐप से जुडे हुए बहुत से Whatsapp ग्रुप भी मिले हैं। इन ग्रुप में कुछ RTGS अकाउंट और कुछ ग्रुप फेक अकाउंट से संबंधित है पाए गए हैं।

ईओडब्ल्यू की टीम ने ग्रुप और जानकारी के आधार पर 200 से अधिक ऐसे बैंक अकाउंट की पहचान की। साथ ही इसमें करीब 3 करोड़ रुपए की राशि को फ्रीज भी करवाया गया है। वहीं आरोपी से महादेव सट्टा एप के पैसे से खरीदी गई एक गाड़ी भी जब्त की गई है।

**5 दिन की ईओडब्ल्यू रिमांड पर**

महादेव सट्टा ऐप मामले में लंबे समय से फरार पचमढ़ी से अर्जुन यादव को हिरासत में लिया गया है। शुक्रवार को ईओडब्ल्यू की टीम ने बर्खास्त आरक्षक अर्जुन को रायपुर के स्पेशल कोर्ट में पेश किया था। सुनवाई



के बाद कोर्ट ने 14 मई तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अर्जुन यादव महादेव केस में रायपुर जेल में बंद निलंबित आरक्षक भीम यादव का भाई है।

**2 दिन पहले हुई थी छापेमार कार्रवाई**

महादेव सट्टा ऐप मामले में ईओडब्ल्यू ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ में 29 जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। दुर्ग में 18, रायपुर में 7, बलौदाबाजार में 2 जगह, रायगढ़ और कांकेर में 1-1 जगहों पर छापा मारा गया। वहीं लंबे समय से फरार कॉन्स्टेबल अर्जुन सिंह यादव को पचमढ़ी में लोकेट कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से जब्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच की जा रही है।

## धमतरी के भैंसामुंडा के जंगल में 1 नक्सली ढेर:डिप्टी सीएम शर्मा बोले-सरकार हाथ जोड़कर कह रही, वार्ता के लिए आगे आए माओवादी

**धमतरी ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में शनिवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें एक नक्सली को ढेर कर दिया गया है। यह मुठभेड़ नगरी थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसामुंडा के जंगल में हुई। जानकारी के मुताबिक, दोपहर एक बजे भैसा मुंडा के जंगल में मैनपुर नुआपाड़ा संयुक्त डिवीजन के माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर धमतरी-गरियाबंद डीआरजी की संयुक्त टीम ने ये कार्रवाई की है।

वहीं डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने नक्सलियों से अपील की है कि सरकार हाथ जोड़कर कह रही है वार्ता के लिए आगे आए, जिससे बस्तर के लोग और गांव आजाद हो सके। बीजापुर जिले में शुक्रवार को 12 नक्सलियों के मारे जाने के बाद डिप्टी सीएम का ये बयान सामने आया है।

**जवाबी कार्रवाई में मारा गया नक्सली**

भैसामुंडा के जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी पर पहुंचे डीआरजी जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने भी गोलीबारी की। जिसमें नक्सली वासु मारा गया। कई नक्सली घायल भी हुए हैं। इसकी पुष्टि एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने की है।

इससे पहले, बीजापुर जिले में शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है।

### खरगे का पीएम मोदी पर निशाना, कहा-

## अंबानी और अडाणी कांग्रेस को काला धन भेज रहे थे तो सरकार ने कार्रवाई क्यों नहीं की

**मुजफ्फरपुर, ( एजेंसी )।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि उनके आरोप के अनुसार उद्योगपति मुकेश अंबानी एवं गौतम अडाणी कांग्रेस को काला धन भेज रहे थे तो उनकी सरकार ने इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। बिहार के समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि मोदी भारत के प्रधानमंत्री केवल इसलिए बन सके क्योंकि कांग्रेस ने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी।

उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम अंबानी और अडाणी पर चुप हैं, हम चुप नहीं हैं... मैं पूछ रहा हूं कि अगर उनके आरोप के अनुसार, हमें इन उद्योगपतियों से काला धन प्राप्त हुआ तो उनकी सरकार ने इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने स्वयं काला धन प्राप्त किया था। खरगे ने कहा, ''आखिरकार, प्रधानमंत्री ने स्वीकार कर लिया कि इन दोनों उद्योगपतियों के पास काला धन है... तो फिर आपने उनके (उद्योगपतियों) के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की। कहां से आ रहा था काला धन।

कांग्रेस प्रमुख ने कहा, ''आपको (प्रधानमंत्री को) जवाब देना चाहिए। हाल ही में एक चुनावी रैली में, मोदी ने कांग्रेस पर ''अंबानी और अडाणी के साथ ''सौदा करने का आरोप लगाया था और पूछा था कि क्या इस दल को इन उद्योगपतियों से ''काले धन टेम्पो पर लादकर भेजा गया था ताकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी उनका नाम लेना बंद कर दिया है।

मोदी पर एक प्रधानमंत्री की तरह नहीं



बोलने का आरोप लगाते हुये, खरगे ने कहा, ''मोदी झूठों के सरदार हैं। जब हमने उनके दोस्तों (अडानी और अंबानी) पर आरोप लगाए, तो मोदी उनका बचाव करते थे। अब, वह उन पर हमला कर रहे हैं और उनके बारे में झूठ फैला रहे हैं।

मोदी और अन्य भाजपा नेताओं पर वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए देश भर में सांप्रदायिक नफरत फैलाने का आरोप लगाते हुए खरगे ने कहा, ''न तो प्रधानमंत्री और न ही भाजपा के अन्य नेता बढ़ती बेरोजगारी, मूल्य वृद्धि और कई अन्य ज्वलंत मुद्दों के बारे में बात कर रहे हैं। वे पूरे देश में सांप्रदायिक नफरत फैला रहे हैं। जो ताकतें संविधान पर हमला कर रही हैं और नफरत की राजनीति कर रही हैं, उन्हें हराना ही होगा। वे इस देश को हिंदू-मुस्लिम, धर्म और जातियों के बीच बांट रहे हैं। देश के लिए कांग्रेस के योगदान को याद करते हुए खरगे ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश की एकता के लिए अपने जीवन का बलिदान दे दिया और महात्मा गांधी तथा राजेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोगों के संघर्षों के कारण भारतीयों को मताधिकार का इस्तेमाल करने का अधिकार मिला। उन्होंने आगे कहा, ''प्रधानमंत्री झूठ बोल रहे हैं कि सत्ता में आने पर कांग्रेस विरासत कर लगाएगी। वे लोगों से झूठ बोल रहे हैं और उन्हें गुमराह कर रहे हैं।

## पीएम मोदी बोले-कांग्रेस 50 सीटों से नीचे सिमटेगी, पद्मश्री पूर्णमासी जानी के पैर छुए

**भुवनेश्वर ( एजेंसी )।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (11 मई) को ओडिशा के कंधमाल, बोलांगीर और बरगढ़ में चुनावी रैलियां की। उन्होंने ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक को चुनौती देते हुए कहा- नवीन बाबू लंबे समय से ओडिशा के मुख्यमंत्री हैं। मैं उन्हें चैलेंज करता हूं कि वे ओडिशा के सभी जिलों का नाम बिना कुछ देखे बताएं। पीएम ने कंधमाल की रैली में कहा- इस चुनाव में कांग्रेस 50 सीटों से नीचे सिमटने वाली है। 4 जून को पार्टी देश के संसद में



विपक्ष भी नहीं बन पाएगी। पीएम ने पद्मश्री पूर्णमासी जानी के पैर छूकर आशीर्वाद मांगा।

# कलेक्टर एवं एसपी ने किया जिला जेल का औचक निरीक्षण

**स्वास्थ्य, सुरक्षा, सफाई एवं बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का लिया जायजा**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा शनिवार को संयुक्त रूप से जिला जेल कोरबा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जेल में कैदियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, सफाई एवं दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर-एसपी ने अपने निरीक्षण के दौरान मुलाकात कक्ष, किचन, पुरूष बैरेक, प्रवेश द्वार, गौशाला आदि के साथ बुजुर्ग बंदियो के बैरकों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में मौजूद विभिन्न पंजियों और सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी सिस्टम, कंट्रोल रूम की भी जांच की। कलेक्टर ने जेल निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनके मामलों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला जेल की 15 बैरकों में कुल 238 बंदी निरूद्ध होने की जानकारी दी गई।

बैरक में कलेक्टर-एसपी ने महिला बंदियों से मुलाकात की और छोटे बच्चों का भी हालचाल पूछा। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट और टॉफियां बांटी। कलेक्टर ने इस दौरान जेलर को बच्चों को खेलने के लिए खिलौनों और महिलाओं तथा अन्य कैदियों को पढ़ने के लिए ज्ञानवर्धक तथा प्रेरणादायक पुस्तकों के अलावा समय के सदुपयोग के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराने, मानसिक तनाव को दूर करने योगा, व्यायाम कराने के संबंध में भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बंदियों को भोजन देने की व्यवस्था, स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी लेने के साथ जेल परिसर में घुमकर सुरक्षा व्यवस्था का भी मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने जेलर को निर्देर्शित किया कि जेल मैन्युअल के अनुसार जो भी आवश्यकताएं हैं, उसे प्रस्ताव बनाकर दें, ताकि यहां की आवश्यकताओं को पूरा कर समस्याओं को दूर किया जा सकें। कलेक्टर ने किचन सहित टॉयलेट को साफ-सफाई रखने, बंदियों को मानसिक तनाव से दूर रखने और जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन के लिए गतिविधियां आयोजित कराने, सब्जी-बाड़ी लगाकर उत्पादन बढ़ाने तथा गौ-शाला के माध्यम से दूध उत्पादन के संबंध में जेलर विजयानंद सिंह को निर्देश दिए।




कलेक्टर ने बच्चों को बांटी चॉकलेट, बच्चे खुश हुए





सबसे पहले
लाइफ इंश्योरेंस
जीवन के साथ भी
जीवन के बाद भी...
एलआईसी का
जीवन
उत्सव
उत्सव
मनाने का
गारंटीड तरीका
Plan No.: 871
UIN: 512N363V01
आजीवन गारंटीड रिटर्न
के साथ
ऑनलाइन भी उपलब्ध
पूर्ण आयु जीवन बीमा एवं लाभ भुगतान के विकल्प
सीमित प्रीमियम भुगतान अवधि 5 से 16 वर्ष
प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान गारंटीकृत वृद्धि
नियमित आय लाभ / फ्लेक्सी आय लाभ
न्यूनतम मूल बीमा राशि 5 लाख
एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत, बचत, पूर्ण आयु जीवन बीमा योजना
एलआईसी है तो कहीं
और क्यों जाना...
सभी नई पॉलिसियों की अधिक जानकारी के लिए आज ही संपर्क करें-
सालिक राम राजवाड़े
(बीमा अभिकर्ता)
वेदांत बीमा सेवा केंद्र
कार्यालय : प्रेस क्लब तिलक भवन के सामने, रिकाण्डो रोड टी.पी. नगर कोरबा
निवास : सत्यनारायण मंदिर के पास, पोड़ी बहार कोरबा, मो.नं.-90987-52955
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ



चिलचिलाती गर्मी में उनकी भी चिंता करो एक सकोरा पानी भर इनकी भी प्यास बुझाओ...

# दिव्य आकाश

सफलता के 14 वर्ष पूर्ण 14th दिव्य आकाश

सुविचार
अगर जो चाहा है, वह न मिले तो, जो मिला है उसे चाह कर देखो...।

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

कोरबा शुक्रवार, दिनांक 10 से 16 मई 2024


## पीएम मोदी के रोड शो के लिए पूरी काशी को निमंत्रण:10 लाख लोगों को बुलाने का टारगेट, 4 मंत्री, 3 सांसद और 14 विधायक उतरे

**वाराणसी ( एजेंसी )।**

वाराणसी में पीएम नरेंद्र मोदी 14 मई को नामांकन से पहले 13 मई को रोड शो करेंगे। 6 किमी के रोड शो में 10 लाख लोगों को बुलाने का टारगेट है। इसके लिए पूरी काशी को निमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। 25 टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों को यूपी सरकार के 4 मंत्री, 3 सांसद और 14 विधायक लीड कर रहे हैं।



भाजपा संगठन के बड़े लीडर पूरी ताकत लगाए हुए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज रोड शो की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

सबसे ज्यादा भीड़ दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र यानी श्रीकाशी विश्वनाथ इलाके में जुटाई जाएगी। माहौल बनाने के लिए 9 मई से गंगा के दशाश्वमेध घाट पर एक हजार ड्रोन से काशी के विकास, बड़े प्रोजेक्ट और मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट को दिखाया जा रहा है।

इस पूरे आयोजन को खुद भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल देख रहे हैं। यह पहली बार होगा, जब काशी में रोड शो के लिए आम लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है।

इस रोड शो को खास बनाने के लिए सांसद, विधायक, कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री, एमएलसी, प्रवासी प्रभारी, काशी क्षेत्र के पदाधिकारी और वाराणसी क्षेत्र के पदाधिकारियों की टीमें बनाई हैं।

इन 25 टीमों को वाराणसी शहर दक्षिणी, शहर उत्तरी, कैंट, रोहनियां, सेवापुरी में लगाया गया है। इनके साथ मंडल अध्यक्षों की टीम, बूथ अध्यक्षों की टीम, शक्ति केंद्र संयोजकों की टीम समेत प्रमुख कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

**ये है निमंत्रण पत्र**

सभी टीमें घर-घर जाकर लोगों को पीएम मोदी के रोड शो को ऐतिहासिक बनाने की अपील कर रही हैं। इन टीमों को बनारस के 5 लाख घरों तक पहुंचने और 10 लाख लोगों को बुलाने का टारगेट रखा गया है। नए ट्रेंड पर पीएम के मेगा शो में मिनी भारत नजर आएगा, गंगा किनारे बसे विभिन्न समाज के लोग अपनी संस्कृति के साथ स्वागत करेंगे। इससे पीएम देश-दुनिया को एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संदेश देंगे।

**मंदिरों, मठों और संस्थाओं की भागीदारी**

प्रधानमंत्री के रोड-शो के लिए मंत्री-विधायक मठ, मंदिर, धार्मिक स्थलों, सामाजिक संगठन, समाज विशेष और संस्थाओं के सदस्यों, समूह से भी संवाद कर रहे हैं। संगठनों से बैठक के बाद सबकी जिम्मेदारी भी तय की जा रही है। बूथ समिति के सदस्यों के साथ सभी जनप्रतिनिधि और पार्टी के नेता घर-घर जाकर काशीवासियों को रोड शो में आने का निमंत्रण देंगे।

**प्रचार वाहनों से भी काशीवासियों को रोड शो का संदेश**

लोकसभा समन्वयक एमएलसी अश्वनी त्यागी के नेतृत्व में 11 प्रचार वाहनों को शहर में लगाया गया है। इन पर पीएम के रोड-शो की होर्डिंग्स, पार्टी के झंडे, बैनर लगे हैं।

इन वाहनों को बनारस के प्रमुख चौराहों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, घाट और मंदिरों के पास खड़ा कर काशीवासियों को रोड शो के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

## रामभद्राचार्य बोले- मथुरा में मंदिर से जुड़े साक्ष्य मेरे पास,मैंने अपनी आंखों से रामलला के दर्शन किए, मोदी की 370 सीटें आएंगी

**चित्रकूट, एजेंसी।**

पवित्र मंदाकिनी नदी की गोद, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सीमा पर बसा शहर चित्रकूट। जहां प्रभु श्रीराम ने वनवास का सर्वाधिक समय बिताया। यह पवित्रधाम अब जगद्गुरु शंकराचार्य रामभद्राचार्य के आश्रम के रूप में भी जाना जाता है।



जन्म से बिना आंखों के संसार को देखने, समझने और सौ से अधिक पुस्तकें लिखने वाले इस संत में कुछ तो दिव्य शक्ति है कि ये जो धर्म के लिए कहते हैं, वही करते हैं। कहते हैं कि चित्रकूट को चंडीगढ़ की तरह केंद्रशासित प्रदेश बना देना चाहिए।

युवाओं को सफलता के लिए टिप्स देते हुए कहते हैं कि कोई शॉर्टकट फॉर्मूला नहीं है, विनम्र होकर भगवान की शरण में जाएं, सभी सद्गुण आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि मथुरा में मंदिर से जुड़े साक्ष्य मेरे पास हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस बार मोदी को 370 सीटें मिलेंगी, यह मेरी भविष्यवाणी है। तीसरी बार मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे, इससे देश और सशक्त होगा, आर्थिक व्यवस्था बेहतर होगी।

## पलटा टैम्पो और खुल गई पोल, सड़क पर बिखर गए 7 करोड़ नोट

**अमरावती, एजेंसी।**

आंध्र प्रदेश पुलिस ने शनिवार को पूर्वी गोदावरी जिले में एक टोल नाका के पास दुर्घटनाग्रस्त एक हल्के वाणिज्यिक वाहन से सात करोड़ रुपये नकद बरामद किए। कोव्वुर उप-विभागीय पुलिस अधिकारी के सीएच रामा राव ने कहा कि नाल्लाजेर्ला मंडल में वीरावल्ली टोल नाका के पास एक ट्रक ने हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गया और उससे रासायनिक चूने की बोरियों के नीचे छिपाई गई नकदी मिली।



राव ने कहा, नकदी से लदा वाहन हैदराबाद के नचाराम से आया था और मंडपेटा की ओर जा रहा था। नकदी से भरे बक्शे रासायनिक चूने की बोरियों के बीच फंसे हुए थे। सात बक्से थे और प्रत्येक बक्से में एक करोड़ रुपये थे। वाहन का चालक के वीरभद्र राव का एक पैर फ्रैक्चर हो गया और उसकी एक आंख में चोट लगी, जिसके कारण उसे गिरफ्तार करने से पहले इलाज के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा। पुलिस ने भारतीय दंड सहिंता (आईपीसी) की धारा 338 के तहत दुर्घटना का मामला दर्ज किया और नकदी आयकर विभाग को सौंप दी है। इस बीच पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि नकदी कहां से आई थी और कहां ले जाई जा रही थी।

## ऋषभ पंत से हुई बड़ी गलती,बीसीसीआई ने लगाया बैन



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत को बड़ी गलती करने के कारण बीसीसीआई द्वारा बड़े एक्शन का शिकार होना पड़ा। दरअसल, पंत को 7 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में उनकी टीम की धीमी ओवर गति के लिए एक मैच का बैन लग गया है। साथ ही 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अंतिम ओवर की शुरुआत में डीसी समय से 10 मिनट पीछे खेल थी।

निलंबन और भारी जुर्माना इसलिए लगाया गया क्योंकि इस सीजन में डीसी का यह तीसरा ऐसा अपराध था। डीसी के बाकी खिलाड़ियों - जिसमें इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट भी शामिल है - पर 12 लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया है। डीसी ने मैच रेफरी के इस फैसले को चुनौती देते हुए एक अपील दायर की जिसे समीक्षा के लिए बीसीसीआई लोकपाल के पास भेजा गया। लोकपाल ने एक आभासी सुनवाई की और कहा कि मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। पंत अब बैंगलोर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ रविवार (12 मई) की शाम को होने वाले महत्वपूर्ण मैच में नहीं खेल पाएंगे, जबकि डीसी अभी भी प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में जीवित है।

## चौथे चरण का चुनाव: 13 मई को 10 राज्यों की 96 सीटों पर होगा मतदान

**लोक सभा चुनाव के चौथे चरण में दस राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर प्रचार अभियान शनिवार छह बजे थम गया। चौथे चरण का मतदान सोमवार 13 मई को कराया जाएगा जिसमें 1717 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

लोक सभा चुनाव के चौथे चरण में दस राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर प्रचार अभियान शनिवार छह बजे थम गया। चौथे चरण का मतदान सोमवार 13 मई को कराया जाएगा जिसमें 1717 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। कुल सात चरणों के इस चुनाव में चौथे चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की सभी लोक सभा सीटों पर मतादन कराने का काम काम पूरा हो चुका होगा। सभी क्षेत्रों की मतगणना एक साथ कराई जाएगी।

चुनाव आयोग ने चौथे चरण की वोटिंग को लेकर पूरी तैयारियों कर ली है और इसमें मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। चौथे चरण के मतदान के साथ कुल 543 सीटों में से 379 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो जाएगी। पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव कराए गए । पांचवें, छठे ओर सातवें चरण में क्रमश: 20 मई , 25 मई और एक जून को मतदान कराए जाएंगे। मतगणना चार जून को होगी।

चाथे चरण में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी इंडिया समूह के स्टार प्रचारकों के अलावा घटक दल के नेताओं ने सार्वजनिक सभाओं और रोड-शो आदि के माध्यम से जम कर प्रचार किया। निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए चुनाव आयोग की व्यवस्था के अनुसार सार्वजनिक प्रचार अभियान मतदान खत्म होने के 48 घंटे पहले बंद कर दिया जाता है। इसके बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक निजी स्तर पर घर-घर जाकर मतदाताओं का समर्थन जुटाते हैं। चौथे चरण में 13 मई को आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की आठ-आठ, बिहार की पांच, ओडिशा तथा झारखंड की चार-चार और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर एक सीट पर वोट डाले जाएंगे। चौथे चरण के चुनाव में मोदी सरकार के पांच बड़े मंत्रियों, एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत कई दिग्गज राजनेताओं की किस्मत तय होगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा के साथ साथ विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा । वहां भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेलुगू देशम पार्टी के साथ गठबंधन किया है। तेलंगाना के हैदराबाद से भारतीय जनता पार्टी की माधवी लता, बिहार के बेगुसराय से गिरिराज सिंह, उजियारपुर से गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, हैदराबाद से एआईएमआईएम के असदुद्दीन औवेसी, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, कन्नौज से समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव, मुंगेर से जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, झारखंड के खूंटी से अर्जुन मुंडा, पश्चिम बंगाल के आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, बहरामपुर से अधीर रंजन चौधरी और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान समेत कई दिग्गजों के चुनावी भाग्य का फैसला होगा।

चौथे चरण आंध्र प्रदेश में एलुरु, मछलीपट्टनम, विजयवाड़ा, गुंटूर, नरसारावपेट, बापटला, ओंगोल, नंद्याल, कुरनूल, अनंतपुर, हिंदूपुर, कडप्पा, नेल्लोर, तिरूपति, राजमपेट, अराकू, श्रीकाकुलम, विजयनगर, विशाखापट्टनम, अनकापल्ली, काकीनाडा, अमलापुरम, राजमुंदरी, नरसापुरम और चित्तूर सीटा तथा तेलंगाना में मल्काजगीरी, सिकंदराबाद, हैदराबाद, चेवेल्ला, महबूबनगर, नगरकुरनूल, नलगोंडा, भोंगीर, वारंगल, महबुबाबाद, आदिलाबाद, पेद्दापल्ली, करीमनगर, निजामाबाद, हैदराबाद, मेडक और खम्मम में मतदान होंगे। उत्तर प्रदेश जिन 13 सीटों पर सोमवार को मतदान होना है उसमें हरदोई, मिसरिख, उन्नाव, फरुर्खाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर शाहजहांपुर, फेरी, दौरा, सीतापुर और बहराइच सीट शामिल है।

महाराष्ट्र में चौथे चरण के चुनाव में पुणे, शिरूर, अहमदनगर, शिरडी, नंदुरबार, जलगांव, रावेर, जालना, औरंगाबाद, मावल और बीड को रखा गया है।

## केजरीवाल बोले-पीएम मोदी ने आप को कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल से रिहा होने के बाद शनिवार को हनुमान मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने एक सभा संबोधित किया। अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी तानाशाही चला रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी आम आदमी पार्टी को कुचलने की कोशिश कर रहे हैं।

**पीएम मोदी ने आप को कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ी**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, सीधा जेल से मैं आपके बीच आ रहा हूं। 50 दिन के बाद आपके बीच आकर अच्छा लग रहा है। अभी मैंने परिवार के साथ मंदिर जाकर दर्शन किए। किसी को उम्मीद नहीं थी की चुनाव के बीच में मैं आपके बीच आ जाऊंगा लेकिन हमारे ऊपर बजरंग बली कृपा है। हमारी पार्टी को कुचलने, खत्म करने में प्रधानमंत्री ने कोई कसर नहीं छोड़ी। एक साथ पार्टी के चार टॉप के नेता को जेल भेज दिया गया। यह एक पार्टी नहीं एक सोच हैं, जितना यह खत्म करेंगे उतनी यह पार्टी बढ़ेगी। जो लोग मोदी जी से मिलने जाते हैं, वे(प्रधानमंत्री) उनसे सबसे पहले आप पार्टी के बारे में 10-15 मिनट बात करते हैं।



**मोदी जी देश के सारे नेताओं को खत्म करना चाहते हैं**

केजरीवाल ने कहा, प्रधानमंत्री ने एक बेहद खतरनाक मिशन चालू किया है। उस मिशन का नाम है वन नेशन वन लीडर। देश के सारे नेताओं को मोदी जी खत्म करना चाहते हैं। जितने विपक्ष के नेता हैं उन्हें जेल भेजेंगे... अगर वे यह चुनाव जीत गए तो थोड़े दिन के बाद ममता दीदी, तेजस्वी यादव, स्टालिन साहब, पिनाराई विजयन, उद्धव ठाकरे जेल के अंदर होंगे। जितने भी विपक्ष के नेता हैं जेल में होंगे।


**रोजगार का सुनहरा अवसर**

**कोरबा में पहली बार पंचकर्म चिकित्सा प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। 8वीं एवं 10वीं पास युवक/युवती पंचकर्म चिकित्सा पद्धति सीख कर रोजगार की गारंटी पाएं। प्रशिक्षण शुल्क नाम मात्र।**

**संपूर्ण बायोडाटा के साथ पंचकर्म प्रशिक्षण हेतु आज ही संपर्क करें-**


आयुर्वेद सदन-
**पंचकर्म चिकित्सालय**
**आर्युलाईन मल्टी स्पेशलिटि पंचकर्म हॉस्पिटल**
प्लाट नं.: 310,सुदर्शन भवन (पंचकर्म सदन) मेन स्टेट बैंक के पास, प्रजापति ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय के बगल में, टी.पी. नगर (कोरबा), मो.: 94255-47677, 83193-24280


## दो ट्रकों में लदा एक करोड़ अस्सी लाख का एल्युमिनियम गायब

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

दो ट्रकों में भरकर बालको से निकला एक करोड़ 80 लाख रुपए का अल्युमिनियम रास्ते से गायब हो गया। बालकोनगर पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज किया है।

ईस्ट इंडिया ट्रांसपोर्ट एजेन्सी रायपुर में मैनेजर के पद पर कार्यरत रिपोर्टकर्ता बनी सिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि दिनांक 21.04.2024 को ट्रक क्रमांक GJ12 BX 9094 के ड्रायवर जीत पटेल के द्वारा 29.280 MT एल्युमिनियम ट्रक में लोड कर जिसकी कीमत 8991742/- रूपये है, एवं दिनांक 22.04.2024 को ट्रक GJ 17 XX 0542 के ड्रायवर अरविंद के द्वारा ट्रक में 29.334 एमटी एल्युमिनियम जिसकी कीमत 9008325/- रूपये है, को बालको प्लांट से लोड कर ईस्टर




लाईट पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड सिलवासा गुजरात में एल्युमिनियम को खाली करने के लिए निकले थे, आज तक वहां नहीं पहुंचे हैं। कम्पनी के लोगों को पता चला है कि उक्त दोनों ट्रकों के ड्रायवर जीत पटेल एवं अरविंद के द्वारा अपराधिक विश्वासघात करते हुए ट्रकों में लोड एल्युमिनियम को बालको प्लांट से ले जाकर सिलवासा डिलवरी करना था वहां न ले जाकर अन्यत्र स्थान पर ले जाकर सदोष लाभ अर्जित करने बिक्री कर दिया गया है। प्रार्थी के आवेदन पर बालकोनगर थाना में धारा 406 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**सुविचार**

कर्म ऐसा करें कि दुनिया नाम ले, कर्म का प्रतिफल अवश्य मिलता है, क्योंकि स्वर्ग भी यहीं है और नरक भी।

**सरोकार**

## आरोप-प्रत्यारोप जारी, जनता का मुद्दा गायब

देश में लोकतंत्र का महापर्व आमचुनाव जारी है और सात चरणों में 543 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा, जिसमें तीन चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। इस बार भाजपा सिर्फ मोदी का चेहरा से चुनाव लड़ रही है, वहीं विपक्ष की ओर से सिर्फ राहुल गांधी मीडिया में छाये हुए हैं। दोनों बड़े नेताओं के बीच जनता का मुद्दा गायब होते दिखा है और अब तक हुए तीन चरणों के चुनाव में सिर्फ आरोप प्रत्यारोप से चुनाव लड़ा जा रहा है। राहुलगांधी कहते फिर रहे हैं कि इस बार मोदी प्रधानमंत्री नहीं बन पायेंगे और इंडि गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है। राहुल गांधी ने आधी आबादी को आकर्षित करने के लिए नारी न्याय गारंटी योजना लाने की घोषणा की है और हर घर की विवाहित महिलाओं को सालाना एक लाख देने की घोषणा की है। इस घोषणा से कांग्रेस और विपक्षी दल मान रहे हैं कि इस बार इंडि गठबंधन की सरकार बनेगी, उधर मोदी ने घोषणा पत्र में ऐसी चीजों को समाहित किया है, जिसे पूरी की जा सके और भाजपा ने नारा दिया है कि मोदी की गारंटी मायने पूरी होने की गारंटी। एनडीए में 400 पार का लक्ष्य रखा है, लेकिन असली फैसला तो चार जून को जनता करेगी।

**संपादक**





**कैंसर से प्रभावित मनीषा कोइराला ने कहा, डिप्रेशन ने मुझे निगल लिया था, हीरामंडी की शूटिंग के दौरान परेशानी हुई**

# लोकतंत्र का उजियारा...

छत्तीसगढ़ में तीनचरणों में मतदान संपन्न हो गया। यहां लोकसभा की 11 सीट है और शांतिपूर्वक सभी जगह मतदान संपन्न होने के बाद शासन प्रशासन ने सभी का आभार जताया। छत्तीसगढ़ में कई जगह रोचक तस्वीरें भी सामने आयी, जिससे लगता है कि छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र का उजियारा आने लगा है। कई जगह एक ही मतदान केन्द्र में एक साथ चार पीढ़ियों ने मतदान कर नया संदेश दिया कि सबसे पहले मतदान-फिर जलपान। सुबह 6.30 बजे से ही अधिकांश मतदान केन्द्रों में लोगों की लंबी लाईन देखी गई। आदिवासी क्षेत्र के लोगों ने काफी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और कहा कि वे शिक्षित वर्ग से बेहतर है। शहरी क्षेत्रों में एसी में जीवन यापन करने वाले लोग मतदान करने निकले ही नहीं, यह लोकतंत्र के लिए घातक है। इससे तो अच्छा है कि एक बार आदिवासियों को बता दें- कि मतदान करना जरूरी है तो वे इस बात को लक्ष्मण रेखा मानकर मतदान केन्द्र तक पहुंचते हैं और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। इस बार प्रशासन तथा निर्वाचन आयोग ने चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में टेंट एवं पेयजल की व्यवस्था की थी, फिर भी शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत का कम होना काफी चिंता का विषय है और शिक्षित वर्ग को आदिवासियों से सबक लेना चाहिए कि काम



धाम छोड़कर पहले अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, ताकि लोकतंत्र की मजबूती और बढ़ सके। प्रदेश में औसत 71 प्रतिशत मतदान ही हुआ, जिसे बढ़ने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। तीन चरणों में हुए मतदान का आंकड़ा देखें तो प्रथमचरण में बस्तर लोकसभा सीट के लिए मतदान हुआ था और यहां 68 .30 फीसदी लोगों ने मत का प्रयोग किया। दूसरे चरण में तीन सीटों पर मतदान हुआ था और तीनों सीट में औसत मतदान 72.13 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि तीसरे चरण में 71.98 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां नजर डालें तो सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मतदान 79.89 प्रतिशत हुआ, जो गर्व का विषय है। सबसे कम मतदान बिलासपुर लोकसभा सीट में 64.77 प्रतिशत मतदान हुआ। रायगढ़ में 78.85 प्रतिशत ,रायगढ़ में 78.85, जांजगीर-चांपा में 67.56 प्रतिशत, कोरबा लोकसभा सीट में 75.63, दुर्ग में 73.68 एवं रायपुर में 66.82 फीसदी मतदान ने लोकतंत्र को मजबूती दी।

पूरे देश में सात चरणों में मतदान होना है और तीनचरण संपूर्ण हो गए। चार चरण में अभी मतदान होना बाकी है और चार जून को पूरे 543 लोकसभा सीट के लिए मतगणना होगी और दोपहर 3.00 बजे तक मतगणना की तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी और रूझान से पता चलेगा कि देश में फिर से तीसरी बार मोदी आएंगे या फिर इंडि गठबंधन। तीन चरणों में हुए मतदान से सत्तादल और विपक्षी दल अपने-अपने अनुमान लगा रहे है और जीतने के दावे कर रहे हैं। जनता मौन है और जनता का सबसे बड़ा फैसला चार जून को आएगा कि दो गारंटियों के बीच किसकी गारंटी जनता को अच्छी लगी। 18 वीं लोकसभा के लिए चार जून का जनादेश महत्वपूर्ण होगा। अब तक हुए मतदान से लोकतंत्र का उजियारा देखने को मिला।



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282

## 30 हजार फीट तक उड़ान, बम बरसाने में सक्षम, पाकिस्तान सीमा पर तैनाती, 7 दिन बाद सेना को मिलेगा पहला हर्मीस-900 स्टारलाइनर



रक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई आपातकालीन शक्तियों के तहत पहला ड्रोन 18 मई को हैदराबाद में भारतीय सेना को सौंपा जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सेना एक वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम (VSHORADS) और एक UAV-लॉन्च प्रिसिजन गाइडेड म्यूनिशन (LPGM) भी खरीदेगी।

पाकिस्तान सीमा पर निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक कदम में भारतीय सेना 18 मई को पहला हर्मीस-900 स्टारलाइनर ड्रोनहासिल करने की तैयारी कर रही है। हर्मीस-900 को दृष्टि कहा जाता है। -10, भारत के रक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए अदानी डिफेंस सिस्टम्स द्वारा आपूर्ति की जाती है। रक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई आपातकालीन शक्तियों के तहत पहला ड्रोन 18 मई को हैदराबाद में भारतीय सेना को सौंपा जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सेना एक वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम और एक UAV-लॉन्च प्रिसिजन गाइडेड म्यूनिशन भी खरीदेगी।

**VSHORADS क्या है?**-वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम (VSHORADS) एक अत्याधुनिक, चौथी पीढ़ी, मानव-पोर्टेबल एयर-डिफेंस सिस्टम (MANPADS) है जिसे मानव रहित हवाई वाहनों, हेलीकॉप्टरों जैसे कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों का मुकाबला करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। और लड़ाकू विमान. स्वदेशी रूप से विकसित, VSHORADS कम दूरी के हवाई खतरों को प्रभावी ढंग से बेअसर करने की भारत की क्षमता में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है।

**यूएलपीजीएम क्या है?**-यूएवी ने ड्रोन पर तैनाती के लिए तैयार की गई एक परिष्कृत मिसाइल प्रणाली प्रिसिजन गाइडेड म्यूनिशन (यूएलपीजीएम) लॉन्च की। यूएलपीजीएम विशेष रूप से मानव रहित हवाई वाहनों के लिए इंजीनियर की गई सटीक-निर्देशित युद्ध सामग्री (पीजीएम) मिसाइलों की श्रृंखला में उद्घाटन किस्त का प्रतीक है। यह भारत के TAPAS BH और आर्चर एनजी यूएवी के लिए मानक PGM बनने की ओर अग्रसर है, जो भारत को ड्रोन-सक्षम सटीक स्ट्राइक क्षमताओं में सबसे आगे रखेगा।

**अमित शाह का दावा**

## दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी भाजपा

**3 चरणों में 200 सीटों के करीब पहुंच गया है एनडीए**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 3 चरणों में एनडीए 200 सीटों के करीब पहुंच गई है। चौथा चरण एनडीए के लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। इस चरण में हमें अधिकतम सफलता मिलेगी और हम 400 पार के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि एनडीए और बीजेपी आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों में परचम लहराने जा रहे हैं। मैं आपको यह भी बताना चाहता हूं कि 4 जून को जब नतीजे आएंगे तो दक्षिण भारत में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बीजेपी होगी। तेलंगाना में हमें 10 से ज्यादा सीटें मिलने जा रही हैं।

शाह ने कहा कि कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। इन राज्यों में बीजेपी को सबसे ज्यादा सीटें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को मोदी ने कुशलतापूर्वक संभाला है। हम भाग्यशाली हैं कि हमें मोदी जी जैसा नेता मिला। वहीं, राहुल यान 20 बार असफल लॉन्च हो चुका है और 21वीं बार उसे लॉन्च करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब तेलंगाना राज्य का गठन हुआ, तो यह राजस्व अधिशेष था। हालाँकि, आज यह भारी कर्ज में डूबा हुआ है। बीआरएस और कांग्रेस की सरकार ने तेलंगाना के विकास को पटरी से उतार दिया है। पिछले 10 वर्षों में मोदी जी ने तेलंगाना के विकास के लिए बहुत कुछ किया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और बीआरएस वोट बैंक की राजनीति में लिप्त हैं और वे गले तक भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। परिवारवाद, भ्रष्टाचार, कुशासन और तुष्टीकरण ये चार बुराइयाँ हैं जिनसे तेलंगाना के लोगों को बहुत परेशानी हुई है। मुझे यकीन है कि इस बार, तेलंगाना के लोग हमें राज्य से रिकॉर्ड संख्या में सांसद देंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम बेल सिर्फ और सिर्फ चुनाव प्रचार के लिए दिया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के सामने केस दायर किया था कि मेरी गिरफ्तारी गलत है, जिसको सुप्रीम कोर्ट ने नहीं माना। फिर मोडिफाई किया कि मुझे बेल दिया जाए, वो भी सुप्रीम कोर्ट ने नहीं माना।

शाह ने कहा कि सिर्फ और सिर्फ चुनाव प्रचार करने के लिए एक तारीख तक का बेल मिला है, 2 तारीख को फिर उन्हें सरेंडर करना है। अगर अरविंद केजरीवाल इसको क्लीनचिट मानते हैं तो उनकी कानून की समझ बहुत ही निर्बल है।

# अमरनाथ यात्रा: घर बैठे-बैठे मोबाइल से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें

अमरनाथ की यात्रा 29 जून से शुरु होने जा रही है। अगर आप भी अमरनाथ यात्रा पर जाने की सोच रहे हैं तो पहले रजिस्ट्रेशन जरुर कर लें। इस लेख में दिए गए आसान तरीकों का पालन कर सकते हैं आप। रजिस्ट्रेशन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा।

इस साल की अमरनाथ यात्रा 29 जून 2024 से शुरु हो रही है और यह यात्रा 52 दिनों तक चलेगी। वहीं इस यात्रा का समापन 19 अगस्त को होगा। इस यात्रा में भाग लेने के लिए लाखों श्रद्धालु उत्सुक हैं, हालांकि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में कुछ चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अगर आप भी इनमें से हैं, तो अब परेशान होने की जरुरत नहीं है। घर बैठे ही आप अपने मोबाइल से अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन आसानी से कर सकते हैं। इस लेख में हम बताएंगे किस तरह से रजिस्ट्रेशन करें। दरअसल, 15 अप्रैल से ही अमरनाथ यात्रा यानी बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। बता दें कि, यह यात्रा 1 जुलाई से लेकर 31 अगस्त 2024 तक जारी रहेगी। वहीं, रजिस्ट्रेशन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा।

**अमरनाथ यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए, इन टिप्स को फॉलो करें**

सबसे पहले इनकी आधिकारिक वेबसाइट श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड पर जाएं।
इसके बाद आप होमपेज पर दिए गए रजिस्टर पर क्लिक करें।
सभी निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
अपना नाम, फोन नंबर और अन्य जरुरी जानकारी भरें।
अपना वैध फोटो, आईडी प्रूफ और मेडिकल सर्टिफिकेट अपलोड करें।
रजिस्ट्रेशन फॉर्म सबमिट करें।
कन्फर्मेशन पेज डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट लें।
रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी को डालें।
आवेदन की फीस ऑनलाइन ट्रांसफर करके जमा करें।
यात्रा के लिए परमिट डाउनलोड करें।
श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की मोबाइल एप डाउनलोड की जा सकती है
अपने फोन में श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की ऐप डाउनलोड करें।
वहीं आप नए यूजर हैं, तो होम पेज को स्किप कर दें।
यात्रा से जुड़े निर्देश पढ़ें और फिर नीचे दिए गए रजिस्टर विकल्प पर क्लिक करें।
यात्रा रजिस्ट्रेशन का होम पेज खुल जाएगा।
यहां पर आपको यात्रा के रुट और तारीख का विकल्प आएगा।
अपनी पूरी जानकारी भरें।
यात्रा के लिए मेडिकल सार्टिफिकेट भी जरुरी होगा।

**जानें कितनी है रजिस्ट्रेशन फीस**

अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन फीस प्रत्येक व्यक्ति 150 रुपये है। वेबसाइट पर मौजूद बैंक शाखाओं के जरिए रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान किया जा सकता है। अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के लिए, इन जरुरी दस्तावेजों की जरुरत होती है। किसी अधिकृत डॉक्टर द्वारा जारी वैलिड अनिवार्य स्वास्थ्य प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त वैलिड पहचान पत्र। अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराने की उम्र सीमा 13 से 70 साल है। वहीं 6 हफ्ते और उससे ज्यादा दिनों की गर्भवती महिलाओं को अमरनाथ यात्रा करने की अनुमति नहीं है।



**अमरनाथ यात्रा 2024 के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन इस तरह से करें**

जम्मू-कश्मीर बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक या यस बैंक की किसी भी ब्रांच में जाएं।
रजिस्ट्रेशन के लिए जरुरी दस्तावेजों को तैयार करें
भरे हुए आवेदन पत्र
अनिवार्य हेल्थ प्रमाण पत्र
आवेदक की स्कैन की गई तस्वीर
प्रत्येक यात्री 500 रुपये का पंजीकरण शुल्क
यात्रा के लिए जाने वाले सभी लोगों की फोटो
यात्रा पंजीकरण शुल्क ( 250 रुपये प्रति यात्री)
ग्रुप लीडर का नाम
मोबाइल फोन नंबर
ईमेल सहित पता

बता दें कि, अमरनाथ यात्रा के लिए मेडिकल फॉर्म, किसी भी नजदीकी बैंक के ब्रांच से मिल जाएगा। सारी जानकारी भरने के बाद, सिग्नेचर करने होंगे । सिग्नचर से यह वेरीफाई होगा कि आप यात्रा करने केलिए फिट है। एजेंसी।

# गामिनी डॉक्टर, शुभ का सपना चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना

**कोरबा के दोनों छात्र को 10-12वीं मेरिट लिस्ट में पांचवां रैंक, यूट्यूब से पढ़कर बना टॉपर**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम की घोषणा कर दी है। कोरबा जिले से 10वीं मेरिट लिस्ट में गामिनी कुमारी ने 5वां तो 12वीं के मेरिट लिस्ट में शुभ अग्रवाल ने भी 5वां स्थान हासिल किया है। गामिनी डॉक्टर बनना चाहती है। वहीं शुभ चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहते हैं।

10वीं मेरिट लिस्ट में 98 प्रतिशत अंक के साथ 5वीं रैंक हासिल करने वाली कोरबा की गामिनी कुमारी कंवर एमबीबीएस डॉक्टर बनना चाहती है। उसका सपना सर्जन बनने की है। गामिनी ने कहा है कि अगर वह अपना सपना पूरा कर सकी तो इससे उसका जीवन सफल हो जाएगा। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद गामिनी ने अपने घर पर परिवार की उपस्थिति में मीडिया के साथ चर्चा की।

**यू-ट्यूब से पढ़कर बना टॉपर**

जिले के कटघोरा के चैतमा निवासी शुभ अग्रवाल ने 12वीं की बोर्ड एग्जाम में 96 प्रतिशत अंक के साथ 5वीं रैंक हासिल की है। शुभ अग्रवाल अभी बिलासपुर में अपने रिश्तेदार के यहां गए हुए हैं। कटघोरा के जय भारत इंग्लिश मीडियम का छात्र शुभ अग्रवाल का कहना है कि वो जिला स्तर पर टॉप करना चाहता था, लेकिन स्टेट लेवल पर टॉप करके वह बहुत खुश है।

शुभ ने बताया कि वो रोजाना दो से तीन घंटे पढ़ाई करता था। इसके साथ ही यू-टयूब देखकर पढ़ाई करता था। शुभ सीए बनना चाहता है, जिसके बाद वह यूपीएससी की तैयारी कर अपने माता-पिता के सपनों को भी साकार करेगा। शुभ अग्रवाल ने कहा कि ऐसे विद्यार्थी जिनके कम मार्क्स आएं हैं उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। उन्हें फिर से मेहनत और लगन के साथ तैयारी करनी चाहिए।



## मेरिट सूची में नाम आने की थी उम्मीद



गामिनी ने बताया कि वह सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढ़ती है। उसने बताया कि जिस अनुसार से परीक्षा के प्रश्न पत्र को उसने हल किया था उसे उम्मीद थी कि वह जरूर अच्छा अंक हासिल करेगी और मेरिट सूची में आएगी। गामिनी के पिता कोयला कंपनी में काम करते हैं जबकि उसका परिवार पेशे से किसान हैं।

**सब्जेक्ट के रिविजन बहुत जरूरी**

अपनी पढ़ाई के संबंध में गामिनी कंवर ने कहा कि वह स्कूल में पढ़ाई के दौरान अपना ध्यान केंद्रित रखती थी। स्कूल से घर पहुंचने के बाद नियमित तौर पर पढ़ाई करती थी। स्कूल में पढ़ाए गए विषयों की पुनरावृत्ति भी करती थी।

# जशपुर की सिमरन शब्बा सीजी 10वीं बोर्ड टॉपर

## सिमरन शब्बा, 10वीं में पहला स्थान



रोजाना लगभग 7 घंटे की नियमित पढ़ाई कर रही थी। टीचर्स और पैरेंट्स ने हमेशा उत्साह बढ़ाने का काम किया। मेरा सपना था कि राज्य स्तर पर टॉप करूं वह सपना पूरा हो गया है। आगे मैं UPSC की तैयारी करना चाहती हूं और IAS बनना चाहती हूं। 12वीं में गणित विषय के साथ पढ़ाई करूंगी।

**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार रिजल्ट कुल 75.61 फीसदी रहा। हर बार की तरह इस बार भी लड़कियों ने ही बाजी मारी है। जशपुर की सिमरन शब्बा को पहला, गरियाबंद की होनिशा को दूसरा और जशपुर के श्रेयांश कुमार यादव को तीसरा स्थान मिला है। टॉप 10 में 59 छात्रों ने जगह बनाई है।

नतीजे CGBSE की ऑफिशियल वेबसाइट cgbse.nic.in या results.cg.nic.in पर लिंक पर जारी किए गए। इस पर स्टूडेंट्स रोल नंबर और डिटेल के साथ अपना रिजल्ट देख सकते हैं। इस बार 10वीं में 3 लाख 42 हजार 511 छात्रों ने परीक्षा दी है। 10वीं की परीक्षा 2 मार्च से 21 मार्च तक चली थी। इस साल की बोर्ड परीक्षाओं के लिए करीब 6.10 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें से 3 लाख 47 हजार 10वीं के हैं।

**टॉप-10 में 59 छात्र**

10वीं में इस बार छत्तीसगढ़ के 59 छात्रों ने मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है। इनमें पहले, दूसरे और तीसरे नंबर पर एक-एक छात्र है। इसके अलावा चौथे स्थान में 98.17 प्रतिशत के साथ चार, पांचवें स्थान में 98 प्रतिशत के साथ चार छात्र, छठवें स्थान में 97.83प्रतिशत के साथ 7 छात्रों का नाम है। इसी तरह, सातवें स्थान के लिए 97.67प्रतिशत के साथ 7 छात्र और 97.50प्रतिशत लेकर 6 छात्र आठवें स्थान में संयुक्त रूप से शामिल हैं।

वहीं नौवें नंबर पर 13 छात्रों ने जगह बनाई है, सभी को 97.33प्रतिशत मिले हैं। दसवें नंबर पर तो 15 छात्र शामिल हैं। इन सभी को 97.17प्रतिशत मिले हैं। कोरोना की वजह से साल 2021 में 10वीं के रिजल्ट असाइनमेंट के आधार पर जारी किए गए थे। जबकि 12वीं का एग्जाम छात्रों ने घर से ऑनलाइन दिया था।

**दो दौर में हुआ कॉपियों का मूल्यांकन**

कॉपियों का मूल्यांकन दो चरणों में शुरू हुआ था। पहले चरण में 23 मार्च और दूसरे चरण में 14 अप्रैल तक मूल्यांकन किया गया। कुल मिलाकर 36 केंद्र बनाए गए हैं। 32 लाख उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का काम चल रहा है। मूल्यांकन में करीब 18 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी ।

**काउंसलर समस्याएं सुनकर दे रहे सलाह**

परीक्षा शुरू होने से पहले छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से हेल्पलाइन शुरू की जाती है। हेल्पलाइन नंबर पर छात्र बोर्ड परीक्षा और उससे संबंधित समस्याओं पर बात करते हैं। विषय विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक और दूसरे अधिकारी छात्रों की समस्या सुनते हैं और उन्हें मार्गदर्शन देते हैं।

**छात्र-पालक हर रिजल्ट स्वीकार करें, ये आखिरी नहीं**

10वीं, 12वीं के रिजल्ट के साथ ही सरकार का इस बार जोर बच्चों को किसी भी अप्रिय फैसला लेने से रोकने पर है। यही वजह है कि स्कूल शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग 15 दिन पहले से अलर्ट पर है। भास्कर ने रिजल्ट के बाद खुदकुशी के डेटा का विश्लेषण किया। साथ ही रिजल्ट बिगड़ने पर होने वाली दिक्कतों को लेकर स्कूल शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से बात की। अधिकारियों ने बताया कि पहली बार है जब बच्चों को तनाव से दूर रखने के लिए, रिजल्ट से पहले पीटीएम की जा रही है। इसका मकसद अभिभावकों को यह बताना है कि वे बच्चों रिजल्ट स्वीकार करें, क्योंकि ये आखिरी परीक्षा या रिजल्ट नहीं है।

**दूसरे बच्चों से तुलना न करें- एक्सपर्ट**

जब रिजल्ट उम्मीद के मुताबिक नहीं आते तो बच्चे मानसिक तनाव में चले जाते हैं। कई बार पालक यह भी कहते हैं- हम सोच रहे थे, तुम टॉप करोगे। बच्चों के दिल दिमाग में यही बातें घर कर जाती हैं। फिर वे आत्महत्या जैसे कदम उठाते हैं। अभिभावकों को चाहिए कि वे रिजल्ट को स्वीकार करें। अपने बच्चे तुलना दूसरे बच्चों से न करें। बच्चों के अंदर इस दौरान होने वाले बदलावों को पहचानें। उन्हें समय दें, सपोर्ट दें। जरूरत पड़े तो काउंसिलिंग करवाएं।

## टॉप टेन के विद्यार्थी

| परीक्षार्थी | कुल अंक | प्रतिशत | जिला |
|---|---|---|---|
| सिमरन शब्बा | 597 | 99.5 | जशपुर |
| होनिशा | 593 | 98.83 | गरियाबंद |
| श्रेयांश यादव | 590 | 98.33 | जशपुर |
| राहुल गंजीर | 589 | 98.17 | बालोद |
| डॉली साहू | 589 | 98.17 | बालोद |
| अंशिका सिंह | 589 | 98.17 | रायपुर |
| अर्पिता कुजूर | 589 | 98.17 | जशपुर |
| पद्मिनी शांडिल्य | 588 | 98 | बालोद |
| जिज्ञासा | 588 | 98 | बालोद |
| निधि साहू | 588 | 98 | बलौदाबाजार |

## होनिषा साहू, 10वीं में दूसरा स्थान

जैसा टीचर्स बताते थे वैसा ही करती थी। रोज सुबह 4 बजे उठती थी। रात 10 बजे तक पढ़ाई करती थी। मीडियम कोई मायने नहीं रखता अच्छा पढ़ाने वाला होना चाहिए। आगे मैं CGPSC की तैयारी करना चाहती हूं।



# महासमुंद की महक अग्रवाल सीजीबीएसई 12वीं बोर्ड टॉपर

**81 प्रतिशत रहा कुल रिजल्ट, सिर्फ 34 प्रतिशत फर्स्ट डिवीजन, टॉप-10 में 20 छात्र, इनमें 4 बलौदाबाजार से**




**रायपुर , एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ में 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी हो गए हैं। महासमुंद की महक अग्रवाल ने 97.40त्न के साथ 12वीं में टॉप किया है। इस बार के रिजल्ट में 80.74 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। इसमें महज 34 फीसदी छात्र ही फर्स्ट डिवीजन पास हुए हैं। results.cg.nic.in लिंक पर रिजल्ट देख सकते हैं।

12वीं में 2 लाख 61 हजार 77 छात्र परीक्षा के लिए रजिस्टर्ड हुए थे। इनमें 2 लाख 58 हजार 704 छात्रों ने परीक्षा दी है। इनमें 83.72 फीसदी छात्राएं और 76.91 छात्र पास हुए हैं। बलौदाबाजार जिले के 4 छात्र टॉप 10 में शामिल हैं। 12वीं की परीक्षा 1 मार्च से 23 मार्च तक हुई थी।

पिछले साल 12वीं में 79.96 प्रतिशत छात्र पास हुए थे। इसमें 81.15प्रतिशत बालिकाएं और 77.03 प्रतिशत बालक थे। 12वीं में 2022-23 में विधि ने टॉप किया था।

**टॉपर महक अग्रवाल 10वीं में भी टॉपर रही हैं**

छत्तीसगढ़ हायर सेकंडरी स्कूल बोर्ड परीक्षा में महासमुंद की महक अग्रवाल ने 97.40 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे छत्तीसगढ़ में टॉप किया है। महक सरायपाली के वुडलैंड इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा है। महक अग्रवाल ने पहले 10वीं की टॉपर रह चुकी हैं।

महक ने स्कूल के टीचर्स को इसका श्रेय दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने कहा कि, महक अग्रवाल को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

## चुनाव गतिविधियां जानने मतदान केन्द्रों का दौरा करती रहीं सरोज पांडेय



कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान हो रहा है। नरेंद्र मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से मतदान करने के अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीजेपी एकजुट है।

मतदान समाप्ति के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए सरोज पांडेय ने कहा कि देश भर में भाजपा की लहर है और कोरबा लोकसभा सीट भी हम भारी मतों से जीत रहे हैं। जनता और मतदाता को छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं और केन्द्र में मोदी की गारंटी पर भरोसा है। कोरबा में ट्रिपल इंजन का बनना तय है।

## मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया मतदान



मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्कूटी में अपनी पत्नी के साथ मतदान केंद्र पहुंचे। खड़गवां ब्लॉक के रतनपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 134 प्राथमिक शाला रतनपुर में मतदान किया। उन्होंने कहा कि उन्हें वोट देकर बहुत खुशी हुई है, क्योंकि जिस मतदान केंद्र में वोट देने पहुंचे थे, उस प्राथमिक शाला में 5वीं क्लास तक की पढ़ाई की है। नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों में उत्साह है, लोग वोट देने आ रहे हैं।

## कोरबा कलेक्टर और एसपी ने किया मतदान



कोरबा कलेक्टर अजीत बसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत सीईओ, नगर पालिका निगम आयुक्त पहुंचे और रामपुर स्थित आदर्श मतदान केंद्र में मतदान किया।

## पाली तानाखार विधायक ने सपरिवार किया मतदान

पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम कटघोरा विधानसभा के तिवरता मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान कोरबा लोकसभा में त्रिकोणीय मुकाबला की कही बात। मीडिया से चर्चा में कहा कि इस बार गोंगपा को जिताने जनता ने मन बनाया है। ऐसा जनप्रतिनिधि चुने जो गांव, गरीब, मजदूर के साथ और शोषण, भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर सके। जनता सोच-समझ कर प्रत्याशी चुने। छत्तीसगढ़ में भाजपा-कांग्रेस के अलावा तुलेश्वर मरकाम अकेले विधायक है।

# कोरबा लोकसभा में 74.82 प्रतिशत हुआ मतदान,8 विधानसभा के 16 लाख से ज्यादा पंजीकृत मतदाताओं ने डाले वोट, 4 जून को आएगा रिजल्ट

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा लोकसभा सीट पर मंगलवार को मतदान हुआ। इस सीट पर कुल 74.82 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव 2024 में कोरबा लोकसभा क्षेत्र से 27 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। 8 विधानसभा के 16 लाख से ज्यादा पंजीकृत मतदाताओं ने वोट डाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कोरबा में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। बता दें 4 जून को चुनाव के नतीजे जारी किए जाएंगे।

**कलेक्टर -एसपी आम लोगों के साथ लाइन में लगकर किया मतदान**

मनेन्द्रगढ़ में कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट और पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह ने कतार में लगकर मतदान किया। नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ प्राथमिक शाला रैन बसेरा के पास मतदान क्रमांक 02 में सामान्य मतदताओं के समान लाइन में लग कर मतदान किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने मतदान केंद्र में उपस्थित सुरक्षा बल के जवानों के साथ हाथ मिलाकर पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने एक साथ सेल्फी ली। कलेक्टर ने मतदान केंद्र में उपस्थित सभी मतदाताओं को जागरूकता के साथ मतदान करने के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

**आंधी तूफान में सियासी दलों के तंबू उड़े**



कोरबा में आंधी तूफान में सियासी दलों के तंबू उड़ गए। भाजपा के पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा ने आंधी तूफान के दौरान बालको क्षेत्र में अपने कार्यकर्ताओं के साथ थे। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस से कार्यकर्ता तंबू छोड़ भागे। लेकिन भाजपा अपने तंबू के साथ डटे हुए हैं।

**बारिश और आंधी-तूफान ने मतदान को रोका**

जिले के अलग-अलग इलाकों में जमकर बारिश हो रही है। बारिश और आंधी-तूफान ने मतदान को रोक दिया है। मतदान केंद्र के बाहर तंबू और बैनर पोस्टर हवा में उड़े। कार्यकर्ता पंडाल छोड़ भागे। लोग दिन में लाइट जलाकर वाहन चला रहे हैं। शहर के चौक-चौराहा पर लगे बैनर पोस्टर आंधी में उड़ गए। वहीं तेज आंधी-तूफान के चलते कई जगह विद्युत खंभे पर शॉर्ट सर्किट हो गई।

**पिंक बूथ पर महिलाओं का कट आउट**

कोरबा जिला प्रशासन द्वारा भी महिला सशक्तिकरण को लेकर लोकसभा चुनाव मे विशेष पहल की गई है। मतदान केंद्रों को पिक बूथ के रूप में सजाया गया है जहां महिला कर्मियों के द्वारा वोटिंग करवाई जा रही है। बूथ पर देश, खेल, राजनीति, गायन अन्य गतिविधियों में प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं का कट आउट भी लगाया गया है।

मतदान स्थल में प्रवेश करते ही लोगों के सामने महिला बॉक्सर मैरी कॉम, छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सानिया नेहवाल, भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा, भारतीय महिला क्रिकेट की कप्तान मिताली राज सहित अन्य नामचिन्ह हस्तियों का कट आउट लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

साथ ही छत्तीसगढ़ की मशहूर चुनई चिरई (चुनावी चिड़िया) लोगों को मतदान के लिए जागरुक कर रही है। इस पिंक बूथ पर चुनाव अधिकारी से लेकर सुरक्षा अधिकारी तक सिर्फ महिलाएं की तैनात है। इन बूथों में मौजूद हर चीज जैसे कि कपड़ा, टेबल क्लॉथ आदि का रंग गुलाबी है।

**लोकतंत्र को मजबूत बनाने वयोवृद्ध मतदाताओं ने किया मतदान**

कोरबा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत मरवाही विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र अंडी में चैतराम, मतदान केंद्र गुदुमदेवरी में राधाबाई, मतदान केंद्र लरकेनी में सुपेलिया बाई, मतदान केंद्र सारा में फुलकुंवर सहित अनेक मतदान केंद्रों में वृद्धजनों ने मतदान कर अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी पूरी की। कोरबा लोकसभा के 242 मतदान केन्द्रों के लिए कुल 76 अर्धसैनिक बलों की टीमें मतदान केंद्रों में लगी हैं।

**मतदाताओं की सेवा में जुटी छात्राएं**

लोकतंत्र के महापर्व में हर कोई अपनी सहभागिता निभा रहा है। ऐसे ही कोरबा लोकसभा के अंतर्गत मरवाही विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की सेवा करने में जुटे फोर्स अकादमी मझगवां की छात्राएं कड़ी धूप में काफी दूर से पानी ले जाकर मतदाताओं की सेवा में जुटी हुई है। इसके अलावा पत्रकारों ने अपने-अपने मताधिकारों का प्रयोग किया और लोगों से भी मतदान करने की भी अपील की।

**कटघोरा विधायक ने भी किया मतदान**



कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल सुबह 8 बजे रेलडबरी 227 प्राथमिक शाला में मतदान किया। इसके बाद उन्होंने लोगों से मतदान करने की अपील की। विधायक कटघोरा विधानसभा की मतदान केंद्र का भी दौरा कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के मतदाता मोदी जी को चुनने के लिए आतुर है।

**विधानसभावार वोट प्रतिशत**

बैंकुठपुर-79.16 प्रतिशत,
भरतपुर-सोनहत-67.83 प्रतिशत
कटघोरा-74.65 प्रतिशत
कोरबा 63.16 प्रतिशत
मनेन्द्रगढ़ 67.83 प्रतिशत
मरवाही 78.01 प्रतिशत
पाली-तानाखार 79.50 प्रतिशत
रामपुर 77.68 प्रतिशत

**भाजपा प्रचंड मतों से जीतेगी- लखनलाल देवांगन**




वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा विधानसभा अंतर्गत चारपारा कोहड़िया स्थित आत्मानंद स्कूल चारपारा मतदान केंद्र क्रमांक 76 में अपने परिवार के साथ वोट दिया। उन्होंने कहा कि कोरबा लोकसभा में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। कोरबा विधानसभा में भाजपा की सबसे बड़ी लीड रहेगी। सरोज पांडेय प्रचंड वोटों से जीत दर्ज़ करने जा रही हैं। प्रदेश की जनता मोदी जी के गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन पर मुहर लगाने जा रही है।

**पांच सालों की मेहनत का नतीजा अच्छा ही आएगा- ज्योत्सना**



कोरबा लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने सुबह पूजा-पाठ कर सांसद निवास से बाहर निकली। ज्योत्सना महंत जी ने कहा कि पांच सालों का मेहनत रंग लाई है, इसका नतीजा अच्छा ही सामने आएगा।

# लायन पवन अग्रवाल ( आटो सेंटर ) बने लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के अध्यक्ष एवं लायन सुरेन्द्र सचिव, लायन दीपक कोषाध्यक्ष

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**





लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के संचालक मंडल एवं सामान्य सभा की बैठक में लायनिज्म सत्र 2024-25 हेतु सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी गठन समिति के चेयरमेन एवं क्लब मार्गदर्शक पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। लायन अग्रवाल ने बताया कि सत्र 2024-25 हेतु क्लब अध्यक्ष की बागडोर एमजेएफ लायन पवन अग्रवाल (आटो सेंटर) को सौंपी जा रही है, वहीं क्लब सचिव के पद पर लायन सुरेन्द्र कुमार डनसेना एवं क्लब कोषाध्यक्ष के लिए लायन दीपक जायसवाल को जिम्मेदारी दी गई है। क्लब के प्रथम उपाध्यक्ष हेतु लायन सुभाष चंद अनंत एवं द्वितीय उपाध्यक्ष हेतु लायन पार्वती दास को नियुक्त किया गया है। वहीं क्लब के वरिष्ठ सदस्यों लायन भोजराम राजवाड़े, लायन नूतन राजवाड़े, लायन आशीष अग्रवाल, लायन संदीप कंवर, लायन त्रिलोकचंद अग्रवाल, लायन बिजय अग्रवाल, लायन विकास अग्रवाल, लायन रवि अग्रवाल, लायन श्यामल मल्लिक, लायन मधुलता राजवाड़े को संचालक मंडल के सदस्य के रूप में पदभार दिया गया। वहीं क्लब मेम्बरशीप चेयरपर्सन हेतु लायन प्रेमलता अग्रवाल , एलसीआईएफ चेयरपर्सन लायन दर्शन अग्रवाल , सर्विस चेयरपर्सन हेतु निवृत्तमान क्लब अध्यक्ष लायन मनोज गुप्ता एवं मार्गदर्शक एवं व्यवस्थापक हेतु पूर्व प्रान्तपाल पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल को पदभार दिया गया।

बैठक में वर्तमान क्लब अध्यक्ष लायन मनोज गुप्ता ने सत्र भर साथ देने वाले अपनी टीम का आभार व्यक्त किया और आगामी क्लब अध्यक्ष लायन पवन अग्रवाल (आटो सेंटर) ने सभी सदस्यों से पूर्ण सहयोग की कामना करते हुये आगामी सत्र को और भी अधिक बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने का आश्वासन दिया और कहा कि लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल को सेवाकार्यों से नई ऊंचाईयां प्रदान करने का प्रयास करेंगे और टीम भावना को मजबूती प्रदान करेंगे।

## सेवा कार्यों को ऊंचाई तक पहुंचाने होगा प्रयास



क्लब के मार्गदर्शक पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल में सत्र 2024-25 के लिए नई कार्यकारिणी ने ऊर्जावान युवा टीम रचनात्मक एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े सेवा कार्यों को नई ऊंचाईयां देने के लिए प्रतिबद्ध है और टीम भावना के साथ क्लब को आगे ले जाएंगे, इसी अपेक्षा के साथ नई टीम को लायन डॉ. अग्रवाल ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# 10 वीं बोर्ड परीक्षा में पाली क्षेत्र की अपर्णा चौबे ने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल कर विद्यालय में 88.33 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान

**कोरबा/पाली ( दिव्य आकाश )**



कोरबा जिले के पाली ब्लाक में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली की कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में अपर्णा चौबे ने सभी विषयों में विशिष्ट योग्यता के साथ 88.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। होनहार छात्रा कु अपर्णा चौबे ,दादा शेषनाथ चौबे, पिता - अर्जुन कुमार शिक्षक (शासकीय स्कूल) माता श्रीमती शेफाली चौबे की सुपुत्री हैं। इस सफलता से प्राचार्य चूडामणी साहू सहित शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की है। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकों एवं अपने परिश्रम को दिया है। उन्होंने बातचीत में बताया की उसको शुरू से ही पढ़ने में रुचि रही है। क्लास 1 ली से 9 वीं तक सभी कक्षाओं में अच्छे अंकों से पास हुई है। वह रोज 6 से 7 घंटे पढ़ाई करती थी। आगे पढ़ लिखकर डॉक्टर बनने का लक्ष्य है जिसके लिए निरंतर प्रयास जारी है।

## डॉक्टर बनने का लक्ष्य



# कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने मतदाताओं का जताया आभार, कहा-

# आप सभी से मिला स्नेह और समर्थन मेरे जीवन भर की पूंजी

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**



कोरबा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने मतदान के समापन के पश्चात कोरबा लोकसभा क्षेत्र की मतदाता एवं वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं, मतदाताओं एवं उन सभी सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया है, जिन्होंने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव में सहयोग किया।

कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने मतदान के दिन प्रात: काल कोरबा में स्थित माता दुर्गा की पूजा अर्चना कर कोरबा शहर के विभिन्न बूथ में दौरा कार्यकर्ताओं से हाल-चाल जाना और वोटिंग के वर्तमान स्थिति के बारे में लगातार जानकारी लेती रहीं और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करती रहीं।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा कि टिकट की घोषणा के पश्चात से ही कोरबा पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सहित भारतीय जनता पार्टी एवं समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का असीम स्नेह एवं समर्थन प्राप्त हुआ। उन्होंने रात दिन कठिन परिश्रम कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान कराया और फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनाने का मार्ग प्रशस्त किया।

सरोज पांडेय ने आगे कहा कि जनसंपर्क रैली एवं आम सभा के दौरान जनमानस से मिला स्नेह और समर्थन भी मेरी जीवन भर की पूंजी है। मैं कोरबा लोकसभा क्षेत्र के समस्त मतदाता वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारी में कार्यकर्ताओं का हृदय से साधुवाद ज्ञापित करती हूं।

# बालको के पहल से ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को मिला उत्कृष्ट कार्य वातावरण

**बालको नगर ( दिव्य आकाश )।**




बालको में फोर्कलिफ्ट ऑपरेटर के रूप में कार्यरत ट्रांसजेंडर कर्मचारी भवानी राठिया कहती हैं कि टीम प्रयास से ही एल्यूमिनियम उत्पादन होता और मुझे अपने सहयोगियों के साथ उत्पादन में योगदान करने पर गर्व है। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में भवानी जैसी सशक्तिकरण की विभिन्न प्रेरक कहानियाँ हैं, जो समुदाय में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए आशा की किरण के रूप में काम करती हैं।

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में 17 ट्रांसजेंडर कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से प्रत्येक अलगाव से पहचान की मजबूत भावना में परिवर्तन की अपनी यात्रा साझा करते हैं। वर्ष 2022 में 7 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को कार्यबल में शामिल कर कंपनी ने अपनी कार्य संस्कृति के समावेशिता को बढ़ावा दिया। कंपनी के इस प्रयास से समाज में उनके पहचान को मजबूती मिली। ये कर्मचारी फोर्कलिफ्ट संचालन, स्टोर प्रबंधन और सुरक्षा गार्डों के पदों पर अपनी भूमिकाएँ निभा रहे हैं तथा कंपनी के महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के तौर पर अपने पहचान को सशक्त किया है।

दीपा को अपनी शुरुआती घबराहट अच्छी तरह याद है, जब उन्होंने बालको में सुरक्षा कार्य में काम करना शुरू किया था। हालाँकि अब वो अपनी नौकरी पर गर्व करती है लेकिन चुनौतियों से निपटने और व्यक्तिगत एवं पेशेवर रूप से आगे बढ़ने में मदद करने के लिए वह अपने सहायक प्रबंधक को श्रेय देती है।

फोर्कलिफ्ट गैराज की पर्यवेक्षक आकांक्षा सोनी ने बताया कि बालको सभी ट्रांसजेंडर कर्मचारियों के लिए एक अभिभावक रहा है। उन्होंने कहा कि कैसे नौकरी किसी व्यक्ति के आत्मविश्वास को बढ़ाने में मददगार साबित हो सकता है। बालको ने मेरे सपनों को उड़ान देने का कार्य किया है और मुझे मेरी क्षमता का एहसास करने में मदद की है। आज मेरा आत्मविश्वास मुझे फोर्कलिफ्ट गैरेज में एक पर्यवेक्षक के रूप में काम करने के लिए प्रेरित करता है। मैं उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) के उपयोग को बढ़ावा देकर सुरक्षा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करके संयंत्र की सुरक्षा में भी योगदान देती हूं।

कंपनी से मिले सम्मान एवं पहचान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आकांक्षा ने कहा कि पहले का उनका डर अब आत्मविश्वास में बदल गया है जो उन्हें समाज में सशक्त बनने में सहायक हुआ है। जेंडर रिफॉर्मेशन नीति के लाभ को लेकर उन्होंने बताया कि लिंग पुनर्मूल्यांकन सर्जरी की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने में हमें वर्षों लग जाते थे। कंपनी के नीति से एलजीबीटीक्यू प्लस कर्मचारियों को 30 दिनों की सवैतनिक छुट्टी और मुआवजे का लाभ मिला है। कंपनी द्वारा लिंग पुनर्मूल्यांकन सर्जरी के लिए 2 लाख रुपये दिये जा रहे हैं।

बालको में सुरक्षाकर्मी के तौर पर तैनात आयशा विश्वकर्मा ने पुरस्कार एवं सम्मानित कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए ने कहा कि कार्यस्थल पर मेरे प्रदर्शन को सराहना मिली है। संयंत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मेरे बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए सम्मानित किया गया। ऐसे सम्मान मुझे हर दिन बेहतर करने के लिए प्रेरित करती हैं।

ट्रांसजेंडर वेलफेयर सोसाइटी की सदस्य और छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति की अध्यक्ष सुश्री विद्या राजपूत ने अपने साथियों के लिए एक उल्लेखनीय उदाहरण स्थापित करने पर बालको की प्रतिबद्धता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने संयंत्र के भीतर और समुदाय में विविधता को प्रोत्साहित करने के हमेशा तत्पर रहा है।

# डॉ. महंत व सांसद ज्योत्सना ने जनता का आभार जताया



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कोरबा संसदीय क्षेत्र की जनता व समस्त मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। डॉ.महंत व सांसद ने कहा है कि आम जनता का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष समर्थन व सहयोग उन्हें प्राप्त हुआ है। जनता का आशीर्वाद सदैव महंत परिवार के साथ रहा है और इस चुनाव में भी भरपूर आशीर्वाद मिला है। मतदाताओं ने लोकतंत्र के पर्व में बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया है, जिसके लिए वे साधुवाद व बधाई के पात्र हैं। नेता प्रतिपक्ष व सांसद ने इस उम्मीद के साथ कि जनता का स्नेह परस्पर बना रहेगा, समस्त संसदीय क्षेत्रवासियों को पुन: आभार प्रेषित किया है।



**कोरबा।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सपरिवार मतदान किया। जयसिंह अग्रवाल ने के.एन. कालेज स्थित मतदान केन्द्र में लाईन में खड़े होकर मतदान किया साथ में पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल, पुत्र रिशु अग्रवाल एवं रोहित अग्रवाल ने मतदान किया।

# पाली क्षेत्र का उत्कृष्ट विद्यालय : 10 वीं-12 वीं बोर्ड में बच्चों ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

**पाली ( दिव्य आकाश )।**

इस बार जिले में निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है। 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड में इस बार आत्मानंद एक्सीलेंट स्कूलों के विद्यार्थियों ने शिक्षकों की लापरवाही से बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाये। तात्कालीन भूपेश सरकार ने गरीब बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर वातावरण तैयार करने के लिए कई सरकारी स्कूलों को आत्मानंद एक्सीलेंट विद्यालय के रूप में परिणित किया था और बीते वर्षों में इस विद्यालय के विद्यार्थियों ने आशानुरूप बोर्ड कक्षओं में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया था और कई छात्र मेरिट में अपना स्थान बनाया था। इस बार सरस्वती सहित कई निजी विद्यालयों के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया था।

पाली क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में छत्तीसगढ़ पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल ने भी 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन किया है। हालांकि इस विद्यालय के विद्यार्थी मेरिट लिस्ट में नहीं आ सके, लेकिन यहां के कुछ छात्रों ने मेरिट में आने के लिए भरसक प्रयास किया। धीरे-धीरे इस विद्यालय के विद्यार्थी हर साल अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि विद्यालय के प्राचार्य एवं संचालक डॉ. गजेन्द्र तिवारी एक शिक्षाविद होने के साथ-साथ बेहतर काउंसलर भी हैं और उनके नेतृत्व में विद्यालय के अध्यापकगण विद्यार्थियों का कैरियर गढ़ने में लगे हुए हैं। क्षेत्र का सबसे बेहतर अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय के रूप में छत्तीसगढ़ पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल पाली आज अपनी पहचान बना चुका है और क्षेत्र के अभिभावक विद्यालय की ओर रूझान कर रहे हैं, ताकि उनके बच्चों का भविष्य बेहतर और स्वर्णिम बन सके।

इस बार 10 बोर्ड में अदिति पटेल ने सभी पांच विषयों में विशेष योग्यता हासिल कर 80 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इसी तरह विकास पांडेय ने 77 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि 74 प्रतिशत अंक के साथ अंजलि पांडेय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हर्षित ने 57.8 प्रतिशत एवं माही जगत ने 51 प्रतिशत अंक हासिल किया।


अदिति पटेल


अंजलि पांडेय


विकास पांडेय


माही जगत


हर्षित



## 12 वीं बोर्ड में साधना को मिला 75 प्रतिशत

12वीं बोर्ड विज्ञान संकाय में होनहार छात्रा साधना कंवर ने 75 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

## सफल विद्यार्थियों को बधाई, असफल विद्यार्थी निराश न होवें



जिले के ख्यातिलब्ध काउंसलर डॉ. गजेन्द्र तिवारी ने जिले भर के सफल विद्यार्थियों को सतत सफलता की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि असफल छात्र भी निराश न होवें, क्योंकि यह परीक्षा अंतिम नहीं है और यह कैरियर का मात्र एक पड़ाव है, इसलिए निराश न होवें और अपनी कमियों को दूर कर अगले सत्र में बेहतर प्रयास करें। जो विषय कमजोर है, उसे बेहतर करने के लिए अपने शिक्षकों से मार्गदर्शन लें। अभिभावक भी बच्चों के परिणाम को स्वीकार करें और बेहतर भविष्य के लिए स्वयं मार्गदर्शन करें।

# मानवीय संवेदना की प्रतीक श्रीमती भगवती देवी सोनी का निधन



## दी गई श्रद्धांजलि



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

दुरपा रोड कोरबा निवासी श्रीमती भगवती देवी सोनी पति स्व. श्री घसियाराम सोनी का गुरूवार अलसुबह 3.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे भाजपा नेता भागेन्द्र सोनी की माता हैं। वे अपने पीछे पुत्र-बहू ,पोता-पोती,नाती-नातिन सहित भरा पूरा परिवार छोडक़र चली गईं। आज सुबह 11 बजे उनका अंतिम संस्कार दुरपा रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे 85 वर्ष की थीं। उनके अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोग शामिल हुए।

स्व. श्रीमती भगवती देवी सोनी मानवीय संवेदना की प्रतीक थीं और वे सभी लोगों के प्रति अपार स्नेह रखती थीं, जिसके कारण वे मोहल्ले में एक अलग स्थान रखती थीं। उनके अंतिम संस्कार में भाजपा नेता रमेश पोद्दार, राम मनोहर सोनी, बीएमएस नेता, जी पी राजवाड़े, अशोक श्रीवास, पियुष साहू, प्रकाश देवांगन सहित सैकड़ों की संख्या में मोहल्लेवासी एवं दूर दराज से आये परिजन शामिल हुए। अंतिम संस्कार के बाद परिसर स्थित सामुदायिक मंच में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और भगवान अपने श्री चरणों में स्थान दें, इसके लिए प्रार्थना की गई।

## जीवन भर लोगों के सुख-दुख में साथ रही

स्व. श्रीमती भगवती देवी सोनी वैसे तो रानी धनराज कुंवर के सिपहसालार की बहु थी, लेकिन कालांतर में उन्हें बर्तन मांजकर अपनी संतानों को पालना पड़ा। बच्चे बड़े हुए और अपने पैरों पर खड़े हुए तो वे लोगों की मदद करने में हमेशा आगे रही और सुख-दुख में साथ रहीं।

# कोरबा जिले में कलेक्टर ने शांतिपूर्वक मतदान के लिए मतदाताओं का माना आभार



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं, अभ्यर्थियों, राजनीतिक दलों सहित मीडिया के प्रतिनिधियों और प्रेक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित कर उनके प्रति आभार जताया है। कलेक्टर ने यहां आईटी कॉलेज परिसर से जारी अपने संदेश में कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मतदान के लिए जरुरी प्रशासनिक व्यवस्थाएं और सुरक्षा के साथ-साथ जनभागीदारी और सभी वर्गों के लोगों का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासनिक तौर पर व्यवस्थाएं समय पर पूरी की गई। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासनिक तैयारियों और सुरक्षा के लिए जरुरी सभी इंतजाम करने जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों ने जिम्मेदारी के साथ निष्ठापूर्वक कार्य किया।


# ज्ञानदीप हायर सेकेंडरी स्कूल जांजगीर का 10वीं तथा 12वीं का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ

**जांजगीर ( दिव्य आकाश )।**

ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर के 10वीं तथा 12वीं के परीक्षा परीणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। 10 वीं की परीक्षा में कुल प्रविष्ट 88 विद्यार्थीयों में से 57 विशेष योग्यता के साथ प्रथम स्थान पर रहे। अक्षरा यादव 561 (93.33 प्रतिशत), द्वितीय स्थान पर स्मिता यादव 533 (88.83प्रतिशत), तृतीय स्थान पर सिमरन राठौर 531(88.50प्रतिशत), इसी प्रकार क्रमश: देवेन्द्र कुमार थवाइत 530(88.33प्रतिशत), अंकित कुमार दिवाकर 512(85.33प्रतिशत), दिव्यांश टैगोर 504(84प्रतिशत), लक्ष्मीन कश्यप 498 (83प्रतिशत), पीहू स्वर्णकार 496 (82.66प्रतिशत), प्रेक्षा चौहान 492 (82प्रतिशत), आदित्य यादव 486 (81प्रतिशत), याशमिन 466 (77.66प्रतिशत), अदिति साहू 455(75.83प्रतिशत), निकिता नागदौने 450 (75प्रतिशत), नोवेल वर्मा 448(74.66प्रतिशत), श्वेता सोनी 437(72.83प्रतिशत), कंचना नायक 435 (72.50प्रतिशत), मानव देंवागन 430 (71.66प्रतिशत), राजदीप राठौर 429 (71.5प्रतिशत), अमीषा राठौर 422 (70.33प्रतिशत), राशी थवाइत 418 (69.66प्रतिशत), साहिबा परवीन 417 (69.5प्रतिशत), राहुल साहू 415 (69.16प्रतिशत), प्रकाश तिवारी 412 (68.66प्रतिशत) हैं।

12वीं की परीक्षा में कुल प्रविष्ट 132 विद्यार्थीयों में से 64 विशेष योग्यता के साथ प्रथम स्थान पर रहे। प्रथम स्थान पर प्रिंस अग्रवाल 449(89.8प्रतिशत), द्वितीय स्थान पर निकीता राठौर 441 (88.2प्रतिशत), तृतीय स्थान पर अंकित वैष्णव 427(85.40प्रतिशत), इसी प्रकार क्रमश: खुशी यादव 416 (83.2प्रतिशत), प्रांशी सिंह 410(82प्रतिशत), साक्षी खटकर 408(81.6प्रतिशत), तनुश्री गबेल 402 (80.4प्रतिशत), विनी बंजारे 377(75.4प्रतिशत), अनिरूध्द सिंह गौतम 373 (74.6प्रतिशत), रितु 372 (74.4प्रतिशत), प्रियंका कंवर 368 (73.6प्रतिशत), विधि शर्मा 364 (72.8प्रतिशत), काजल कश्यप 358 (71.6प्रतिशत), उषा किरण साहू 358 (71.6प्रतिशत), अमिषा 351 (70.2प्रतिशत), रिया हंसराज 350 (70प्रतिशत), प्रकृति तंबोली 350 (70प्रतिशत), अश्मित सिंह 347 (69.4प्रतिशत),प्रिंस साहू 346(69.2प्रतिशत), मुस्कान सिंह क्षत्री 344 (68.5प्रतिशत,) प्रकाश साहू 342 (68.4प्रतिशत) , दुर्गेश कुमार 341 (68.2प्रतिशत) , ऐश्वर्य कुमार राठौर 340 (68 प्रतिशत) हैं।उक्त सभी विद्यार्थियों ने अधिकतम विषयों में विशेष योग्यता के साथ सफलता अर्जित की । अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंको से परीक्षा उर्तीण की। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा, संस्था के प्राचार्य डॉ. अखिलेश कटकवार ने अच्छे परीक्षा परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, संस्था की अध्यापन व्यवस्था, पालकों का सहयोग तथा संस्था के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों की मेहनत के लिये हर्ष व्यक्त किया।

## 10 वीं बोर्ड के होनहार छात्र



अक्षरा यादव | स्मिता यादव | सिमरन राठौर | देवेन्द्र थवाईत | अंकित दिवाकर | दिव्यांश टैगोर | लक्ष्मीन यादव | पीहू स्वर्णकार | प्रेक्षा चौहान



आदित्य यादव | याशमिन | अदिति साहू | निकिता नागदौने | नोवेल वर्मा | श्वेता सोनी | कंचना नायक | मानव देवांगन | राजदीप राठौर | अमीषा राठौर

## 12 वीं बोर्ड के होनहार छात्र



प्रिंस अग्रवाल | निकिता राठौर | अंकित वैष्णव | खुशी यादव | प्रांशी सिंह | साक्षी खटकर | तनुश्री गबेल | विनी बंजारे | अनिरूद्ध गौतम | रितु कुमारी



पिंयंका कंवर | विधि शर्मा | काजल कश्यप | उषाकिरन साहू | अमिषा कुमारी | रिया हंसराज | प्रकृति तंबोली

### अधिकतम विषियों में बच्चों को मिली विशेष योग्यता



विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अखिलेश कटकवार ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है और जो सफल नहीं हो पाए, उन्हें जुनून और जज्बा के साथ फिर से तैयार होने की प्रेरणा दी और कहा कि असफलता से घबराएं नहीं बल्कि कमियों को दूर कर आगे बढ़ने की सलाह दी। डॉ. कटकवार ने कहा होनहार विद्यार्थियों को अधिकांश विषयों में विशेष योग्यता हासिल हुई है, जो गौरव का विषय है।

## आत्मानंद स्कूल का नाम बदलना छग की अस्मिता से खिलवाड़ - डॉ. महंत

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल व कॉलेज जहां पर हर वर्ग के छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय निश्शुल्क शिक्षा का प्रावधान



पूर्ववर्ती कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है, उसका नाम बदलने की कवायद मौजूदा भाजपा की सरकार कर रही है। इस तरह के प्रयास को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अनुचित करार देते हुए कहा है कि स्कूल का नाम बदलना छत्तीसगढ़ की अस्मिता से खिलवाड़ होगा। स्वामी आत्मानंद, रामकृष्ण मिशन के एक संत, समाज सुधारक व शिक्षाविद् थे। वनवासियों के उत्थान के लिए उन्होंने नारायणपुर आश्रम में उच्च स्तरीय शिक्षा केन्द्र की स्थापना की तथा रामकृष्ण परमहंस के भावधारा को छत्तीसगढ़ की धरती पर साकार किया। उनके स्मृति में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की शुरूआत राज्य की कांग्रेस सरकार ने की थी। डॉ. महंत ने कहा है कि नाम परिवर्तन के संबंध में सरकार जल्दबाजी में निर्णय लेने से पहले बार- बार विचार करें,डॉ महंत ने कहा कि छग की अस्मिता व छत्तीसगढ़ के विकास में योगदान देने वाले शिक्षा विदो का सम्मान बनाये रखना हर जन प्रतिनिधि का दायित्व भी है !

## 10वीं के 2 छात्रों ने टॉप-10 में बनाई जगह-सक्ती में जाह्नवी ने 6वां और राहुल गबेल ने 10वां रैंक किया हासिल



**सक्ती ( दिव्य आकाश )।**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है। जिसमें सक्ती जिले के डभरा ब्लॉक के ग्राम किरारी की रहने वाली 10वीं की छात्र जाह्नवी पटेल ने 587 अंक प्राप्त कर 6वां रैंक हासिल किया है। वहीं, ग्राम जाजंग निवासी छात्र राहुल कुमार गबेल ने 97.17त्न अंक प्राप्त कर 10वां रैंक प्राप्त किया है।

जाह्नवी के पिता रामनारायण पटेल एनआईटी रायपुर में कार्यरत है। जाह्नवी अपने दादाजी के यहां रहकर कामधेनु पब्लिक स्कूल तुलसीडीह में पढ़ाई करती है।




दादी ने जाह्नवी को मिठाई खिलाकर बधाई दी। जाह्नवी ने बताया कि वह आगे एक प्रोफेशनल आर्टिस्ट बनना चाहती है।

**इंजीनियर बनना चाहता है राहुल**

राहुल ने बताया कि, वह गणित विषय लेकर आगे की पढ़ाई करना चाहता है। उसके बाद इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर इंजीनियर बनना चाहता है। उसने अपने पढ़ाई का सारा श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। राहुल के पिता किसान है। उसने परीक्षा के लिए बहुत मेहनत की थी।

## कांकेर से मेरिट सूची में 9 स्टूडेंट्स



### बोर्ड परीक्षा परिणाम में टॉप 10 में बनाई जगह, दसवीं में 6 तो बारहवीं में 3 बच्चे शामिल

**कांकेर, एजेंसी।**

कांकेर जिले के छात्रों का दबदबा बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे में देखने को मिला है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिले के 9 छात्रों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया हैं। इसमें 10वीं बोर्ड परीक्षा में 6 छात्र तो वहीं 12वीं में 3 छात्रों ने मेरिट सूची में जगह बनाई है।

मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले में छात्रों में एक छात्र को छोड़कर सभी छात्राएं है, जिसमें 10वीं में 5 तो वहीं 12वीं में मेरिट में आने वाली सभी छात्रा हैं। इस तरह बोर्ड परीक्षा के परिणामों में जिले में एक बार फिर छात्राओं का दबदबा दिखा है। बीते साल बोर्ड परीक्षाओं में 12वीं में 1 छात्र और 10वीं में 1 छात्र सहित 3 छात्रों ने मेरिट में स्थान बनाया था।

**प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर के 4 बच्चे मेरिट में**

10वीं बोर्ड के परिणामों में मेरिट सूची में आने वाले जिले के 6 छात्रों में सबसे अधिक 4 बच्चे प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चे हैं। जिले के यह पहली बार हुआ है कि एक ही विद्यालय के 4 बच्चों ने मेरिट लिस्ट में अपनी जगह बनाई है।

**10वीं में इन बच्चों ने मेरिट में बनाई जगह**

10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्र मयंक कोर्राम और छात्रा पायल अधिकारी ने 97.67 अंको के साथ प्रदेश में 7वां स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश में 9वें स्थान में 3 छात्रा जिसमें प्रयास आवासीय विद्यालय की वर्षा साहू, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मटोली की माला विश्वास और स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल भानुप्रतापपुर की तन्यश्री मढ़ारिया ने 97.33 हासिल किया है। इसके अलावा प्रयास विद्यालय में रहकर पढ़ाई करने वाली केशकाल की छात्रा ने 97.17 अंको के साथ 10वां स्थान प्राप्त किया है।

**12वीं में 3 छात्र मेरिट सूची में**

वहीं 12वीं में नक्सल प्रभावित इलाके के शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल तूड़गे की वेदिका निषाद 95.60 प्रतिशत अंको के साथ 7वां स्थान, शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल मरोड़ा की कंकना घरमी ने 95.40 के प्रतिशत के साथ 8वां तथा भानुप्रतापपुर के निजी स्कूल हरिशंकर सिंह संस्कार वैली निधि गोगड़ ने 95.00 10वां स्थान प्राप्त किया हैं।



## जशपुर की सिमरन शब्बा सीजी10वीं बोर्ड टॉपर:76 प्रतिशत छात्र पास टॉप-10 में 59 छात्रों ने बनाई जगह, 3 साल में सबसे बेहतर रिजल्ट

**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार रिजल्ट कुल 75.61 फीसदी रहा। हर बार की तरह इस बार भी लड़कियों ने ही बाजी मारी है। जशपुर की सिमरन शब्बा को पहला, गरियाबंद की होनिशा को दूसरा और जशपुर के श्रेयांश कुमार यादव को तीसरा स्थान मिला है। टॉप 10 में 59 छात्रों ने जगह बनाई है। नतीजे CGBSE की ऑफिशियल वेबसाइट gbse.nic.in या results.cg.nic.in पर लिंक पर जारी किए गए। इस पर स्टूडेंट्स रोल नंबर और डिटेल के साथ अपना रिजल्ट देख सकते हैं।इस बार 10वीं में 3 लाख 42 हजार 511 छात्रों ने परीक्षा दी है। 10वीं की परीक्षा 2 मार्च से 21 मार्च तक चली थी। इस साल की बोर्ड परीक्षाओं के लिए करीब 6.10 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें से 3 लाख 47 हजार 10वीं के हैं।

**टॉप-10 में 59 छात्र**

10वीं में इस बार छत्तीसगढ़ के 59 छात्रों ने मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है। इनमें पहले, दूसरे और तीसरे नंबर पर एक-एक छात्र है। इसके अलावा चौथे स्थान में 98.17 प्रतिशत के साथ चार, पांचवें स्थान में 98प्रतिशत के साथ चार छात्र, छठवें स्थान में 97.83प्रतिशत के साथ 7 छात्रों का नाम है। इसी तरह, सातवें स्थान के लिए 97.67प्रतिशत के साथ 7 छात्र और 97.50प्रतिशत लेकर 6 छात्र आठवें स्थान में संयुक्त रूप से शामिल हैं।

वहीं नौवें नंबर पर 13 छात्रों ने जगह बनाई है, सभी को 97.33प्रतिशत मिले हैं। दसवें नंबर पर तो 15 छात्र शामिल हैं। इन सभी को 97.17प्रतिशत मिले हैं। कोरोना की वजह से साल 2021 में 10वीं के रिजल्ट असाइनमेंट के आधार पर जारी किए गए थे। जबकि 12वीं का एग्जाम छात्रों ने घर से ऑनलाइन दिया था।

**दूसरे बच्चों से तुलना न करें- एक्सपर्ट**

जब रिजल्ट उम्मीद के मुताबिक नहीं आते तो बच्चे मानसिक तनाव में चले जाते हैं। कई बार पालक यह भी कहते हैं- हम सोच रहे थे, तुम टॉप करोगे। बच्चों के दिल दिमाग में यही बातें घर कर जाती हैं। फिर वे आत्महत्या जैसे कदम उठाते हैं। अभिभावकों को चाहिए कि वे रिजल्ट को स्वीकार करें। अपने बच्चे तुलना दूसरे बच्चों से न करें। बच्चों के अंदर इस दौरान होने वाले बदलावों को पहचानें। उन्हें समय दें, सपोर्ट दें। जरूरत पड़े तो काउंसिलिंग करवाएं।

| परीक्षार्थी | कुल अंक | प्रतिशत | जिला |
|---|---|---|---|
| सिमरन शब्बा | 597 | 99.5 | जशपुर |
| होनिशा | 593 | 98.83 | गरियाबंद |
| श्रेयांश यादव | 590 | 98.33 | जशपुर |
| राहुल गंजीर | 589 | 98.17 | बालोद |
| डॉली साहू | 589 | 98.17 | बालोद |
| अंशिका सिंह | 589 | 98.17 | रायपुर |
| अर्पिता कुजूर | 589 | 98.17 | जशपुर |
| पद्मिनी शांडिल्य | 588 | 98 | बालोद |
| जिज्ञासा | 588 | 98 | बालोद |
| निधि साहू | 588 | 98 | बलौदाबाजार |

## अंकित का आई आई एम में चयन

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

एनटीपीसी जमनीपाली के अंकित सिंह ने अपनी प्रतिभा के दम पर जिले का नाम रोशन किया है । अंकित का चयन आई आई



एम लखनउ में हुआ है । उसने कैट की परीक्षा 99 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की अंकित के पिता राजाराम सारथी जालसंसाधन विभाग में अधीक्षण अभियंता के पद पर अभी रायगढ़ में सेवारत है । उल्लेखनीय है अंकित सिंह आरंभ से ही मेधावी छात्र रहा है । डीपीएस जमानीपाली से दसवीं और बारहवीं की परीक्षा भी इसने बहुत अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण किया था । तत्पश्चात् बेगलुरू स्थित प्रसिद्ध एम एस रमैया इंस्टीट्यूट से कंप्यूटर साइंस में बी टेक कर मल्टीनेशनल कंपनी में चार साल तक अपनी सेवाएं दी । इस साल के कैट परीक्षा में इसने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर आईआईएम में स्थान सुरक्षित किया । अंकित की माता पुष्पा सारथी ने बताया कि आईआईएम लखनऊ में वह प्रवेश ले रहा है । वैसे आईआईएम बेंगलुरु ,इंदौर कोझिकोड व लखनउ से उसे इंटरव्यू काल आया है । अंकित की इस सफलता से उसके परिजन ईस्ट मित्र शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।

# श्री सीमेंट लिमिटेड को फ्लाई ऐश की आपूर्ति के लिए बालको ने किया एमओयू

**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने श्री सीमेंट लिमिटेड के साथ समझौता (एमओयू) किया है। यह साझेदारी कम कार्बन वाले सीमेंट का उत्पादन करने के लिए बालको द्वारा श्री सीमेंट तक फ्लाई ऐश भेजने की सुविधा देगी। समझौते में श्री सीमेंट को 90 हजार मीट्रिक टन फ्लाई ऐश की आपूर्ति किया जाना है। इससे सीमेंट उद्योग में फ्लाई ऐश के सस्टेनेबल उपयोग के लिए महत्वपूर्ण सहयोग तथा सर्कुलर इकोनॉमी में बढ़ोत्तरी होगी।

फ्लाई ऐश थर्मल पावर उत्पादन का उप-उत्पाद है जिसमें विभिन्न उद्योगों में पुन: उपयोग की महत्वपूर्ण क्षमता है। सीमेंट निर्माण में फ्लाई ऐश का उपयोग करने से लगभग 500 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन, 3.2 मिलियन गीगा जूल ऊर्जा और प्रति टन 250 लीटर पानी बचाया जा सकता है। इससे सीमेंट उद्योग के भीतर सस्टेनेबल तरीकों को अपनाने में योगदान मिला है। ऐसे उद्योगों में फ्लाई ऐश के प्रबंधन के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिला है।



### बालको से साझेदारी हमारी कार्यप्रणाली के अनुरूप-मेहता

श्री सीमेंट लिमिटेड के मुख्य खरीद अधिकारी संजय मेहता ने एमओयू के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए इसके पारस्परिक लाभ को बताया। उन्होंने कहा कि बालको के साथ साझेदारी सस्टेनेबल कार्यप्रणाली के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सीमेंट उत्पादन में फ्लाई ऐश का उपयोग सीमित रूप से उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव कम कर कार्बन उत्सर्जन में कटौती करता है तथा सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देता है। यह साझेदारी हमारे लिए वैकल्पिक रॉ मटेरियल की स्थायी आपूर्ति के हमारे प्रयासों को बढ़ावा देगी। हमारा लक्ष्य भविष्य में ऐसे सहयोगात्मक प्रयासों का विस्तार करना है।

फ्लाई ऐश का उपयोग ईंट निर्माण, सड़क निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। बालको के ट्रांसफार्म द प्लेनेट की प्रतिबद्धता के अनुरूप कंपनी विभिन्न उद्योगों को फ्लाई ऐश की आपूर्ति कर रही है जिसमें ईंट एवं सीमेंट संयंत्र, सड़क तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और माईंस शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2024 में बालको ने इन क्षेत्रों को 4 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक फ्लाई ऐश की आपूर्ति की है। इस पहल से 141त्न राखड़ का उपयोग हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

### औद्योगिक अपशिष्टों में कमी लाने बालको प्रतिबद्ध-राजेश कुमार

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने श्री सीमेंट के साथ हुए एमओयू पर कहा कि कंपनी में हम औद्योगिक अपशिष्टों में कमी लाने और अनेक नए प्रयोगों के जरिए उन्हें नागरिकों और पर्यावरण के लिए लाभकारी बनाने के उद्देश्य से बालको ने अपने प्रचालन में अत्याधुनिक तकनीकों को स्थान दिया है। हम उद्योगों में सस्टेनेबल व्यवसाय की बढ़ती मांग को पहचानते हैं। फ्लाई ऐश कई उद्योगों के लिए एक सस्टेनेबल रॉ मटेरियल के रूप में सामने आया है। रॉ मटेरियल के रूप में हमारे फ्लाई ऐश को पुनर्निर्देशित कर आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। यह समझौता सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारी साझा जिम्मेदारी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

जल संकट

## बाँकी बस्ती,पुरैना,मड़वाढोढा में जल आपूर्ति की मांग को लेकर 16 मई को चक्काजाम करेगी माकपा

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत खनन प्रभावित वार्ड 63 मोंगरा के प्रभावित गांवों बांकी बस्ती,मड़वाढोढा,पुरैना में निगम द्वारा टेप नल के माध्यम से जल आपूर्ति की जाती है। कई दिनों तक पानी बंद रहने से परेशान ग्रामीणों ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की पार्षद राजकुमारी कंवर के नेतृत्व में बांकी मोंगरा पालिका के कार्यालय का घेराव कर दिया। घेराव के बाद सीएमओ ने चर्चा के लिए बुलाया। माकपा पार्षद ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर पेयजल समस्या का समाधान नहीं होने पर बांकी मोंगरा के मुख्य मार्ग पर 16 मई को चक्काजाम करने की चेतवानी दी है। उल्लेखनीय है कि वार्ड 63 मोंगरा कोयला खनन के कारण खनन प्रभावित गांवों में जल स्तर काफी गिर चुका है और अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एसईसीएल ही पीने, निस्तारी और सिंचाई के लिए पानी का प्रबंध करते आया है। लेकिन बांकी खदान बंद होने के बाद अब एसईसीएल द्वारा इन बांकी बस्ती,पुरैना,मड़वाढोढा गांवों में जल आपूर्ति रोक दी गई है, जिससे यहां के ग्रामीणों का दैनिक दिनचर्या गड़बड़ा गई है। नगर निगम द्वारा घर घर टेप नल लगाकर पानी पहुंचाने का प्रयास किया गया ,लेकिन निगम जल आपूर्ति करने में पूरी तरह सफल नहीं हो पाया है और वार्डो में बोर होल में चालू सबमर्शिबल पम्प लगे थे, उसे भी निगम के कर्मचारी द्वारा खोलकर ले जाया गया जिससे टेप नल चालू हो गया है जिससे जल संकट और भी बढ़ गया है।

माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने आरोप लगाया कि निगम द्वारा पालिका बनने के बाद से चालू पंपों को खोलकर ले जाना, जिससे जल संकट और गहराया है। निगम के अधिकारियों का अमानवीय चेहरा सामने आया है। निगम प्रशासन द्वारा जल आपूर्ति पूरी तरह फेल है और चालू पंपों को खोलकर ले जाने से जल संकट और गहरा गया है। जल आपूर्ति सही नहीं हुआ तो माकपा ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।



## सक्ती के युवक को पीएम मोदी ने भेजा आभार पत्र

### टिंकू देवांगन ने जनसभा के दौरान भेंट की थी पेंटिंग, 15 घंटो की थी मेहनत

**सक्ती।**

सक्ती जिला मुख्यालय के वार्ड नं 16 निवासी टिंकू देवांगन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आभार पत्र भेजा है। प्रधानमंत्री ने टिंकू को उनके जनसभा के दौरान दिए गए पेंटिंग के लिए आभार व्यक्त करने ये पत्र भेजा है। पत्र मिलने पर टिंकू देवांगन और उसके परिजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पत्र में लिखा है कि आपके द्वारा बनाई गई पेंटिंग मुझ तक पहुंचाने के लिए आभार। आपकी इस अभिव्यक्ति ने मेरे हृदय को छू लिया है। आप जैसे परिवारजनों से मिलने वाला स्नेह मुझे देश के लिए जी-जान से कार्य करने की नई ऊर्जा देता है। चित्रकला की शक्ति अद्भुत है। यह हमारे उन विचारों और संवेदनाओं को भी दर्शाने की क्षमता रखती है जिसे शब्दों में व्यक्त कर पाना मुश्किल होता है।

# मैन रायडिंग सिस्टम से एसईसीएल की खदानों में होने वाली दुर्घटनाओं में 54 प्रतिशत की कमी

### एसईसीएल में खान सुरक्षा महानिदेशालय पश्चिम अंचल के साथ कंपनी-स्तरीय द्विपक्षीय खान सुरक्षा बैठक सम्पन्न

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

एसईसीएल में खान सुरक्षा महानिदेशालय पश्चिम अंचल नागपुर, बिलासपुर एवं रायगढ़ क्षेत्र के अधिकारियों के साथ कंपनी स्तरीय द्विपक्षीय खान सुरक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामावतार मीना, उप-महानिदेशक खान सुरक्षा, पश्चिमी अंचल, नागपुर द्वारा की गई। बैठक में खान सुरक्षा महानिदेशालय से वीर प्रताप, निदेशक खान सुरक्षा (रायगढ़ क्षेत्र), मुकेश कुमार सिन्हा, निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र - क्रमांक 1), राजेश कुमार सिंह निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र - क्रमांक 2), मनोज कुमार गुप्ता, निदेशक खान सुरक्षा (पश्चिमी अंचल, नागपुर), टी श्रीनिवास, निदेशक खान सुरक्षा (पश्चिमी अंचल, नागपुर), अरुण कुमार, उप निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र - क्रमांक 2), बी भद्रू, उप-निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र - क्रमांक 1), एवं एसईसीएल प्रबंधन से निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी, निदेशक (योजना/परियोजना) फ्रैंकलिन जयकुमार, मुख्यालय से सुरक्षा एवं बचाव विभाग सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय महाप्रबंधकगण, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक का शुभारंभ सुरक्षा दीप प्रज्जवलन से हुआ उपरांत कोलइण्डिया कारपोरेट गीत बजाया गया। इसके पश्चात कार्य के दौरान वीरगति को प्राप्त करने वाले श्रमवीरों दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई एवं समस्त उपस्थितों द्वारा सुरक्षा शपथ लिया गया। बैठक में सभी आगन्तुकों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। स्वागत सम्बोधन जीपी शर्मा महाप्रबंधक (खान सुरक्षा/बचाव) ने देते हुए सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई। बैठक में पावरप्वाईंट के माध्यम से मुख्यालय एवं सभी संचालन क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर किए जा रहे उपायों के बारे में अतिथियों को अवगत कराया गया।

मुख्य अतिथि रामावतार मीना, उप-महानिदेशक खान सुरक्षा, पश्चिमी अंचल, नागपुर एवं सभी अतिथियों ने एसईसीएल




में सुरक्षा को लेकर किए जा रहे उपायों की सराहना की, साथ ही खदानों में सुरक्षा से जुड़े उपायों की समय-समय पर समीक्षा करने एवं खनिकों को सुरक्षा एवं बचाव के लिए दिए जाने वाले प्रशिक्षण पर ज़ोर दिया।

खदानों में नयी तकनीक पर जोर- एसईसीएल प्रबंधन ने जानकारी दी कि भूमिगत खदानों में कामगार साथियों के आवावगमन की सुविधा के लिए मैन रायडिंग सिस्टम की व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है। एसईसीएल में वर्तमान में 17 मैन राइडिंग सिस्टम लगाए जा चुके हैं। के खैरहा, विंध्या खदानों में 3 नए मैन रायडिंग सिस्टम लगाए जा रहे हैं, वहीं 5 अनुमोदन के स्तर पर हैं। मैन रायडिंग सिस्टम में कामगार साथी पैदल चलने के बजाए मैकेनाईज्ड परिवहन व्यवस्था से खदान के फेस के समीप तक पहुँच जाते हैं इससे उत्पादकता में बढ़ोत्तरी आती है।

कंपनी के द्वारा सुरक्षा जागरूकता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के नतीजन वर्ष 2023-24 में गंभीर दुर्घटनाओं की संख्या में 54 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है वहीं जानलेवा दुर्घटनाओं में 25 प्रतिशत की कमी आई है।

बैठक में संजीव अग्रवाल मुख्य प्रबंधक (खनन) द्वारा पावर प्वाईंट के जरिए प्रस्तुति दी गयी एवं बैठक में उद्घोषणा का दायित्व मुख्य प्रबन्धक (खनन) सौरभ पांडे द्वारा निभाया गया। बैठक के सफल आयोजन में एसईसीएल सुरक्षा एवं बचाव विभाग की सक्रिय भूमिका रही।

## भगवान परशुराम की झांकी भी निकाली

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** अक्षय तृतीया के अवसर पर पुष्प वर्षा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें नगर के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। यहां शोभायात्रा में शामिल व्यपारी, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक लोगों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। भव्य शोभायात्रा यात्रा में भगवान परशुराम की झांकी भी बनाई गई थी। धर्म प्रेमियों ने जगह-जगह ठंडा पानी व कोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था की गई थी।






# चर्च ऑफ गॉड वर्ल्ड मिशन सोसाइटी ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान का उठाया बीड़ा

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

छत्तीसगढ़, जो कोयले जैसे प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है, एक धुरी है जो देश में कोयला बेल्ट बनाती है। उनमें से, कोरबा में थर्मल पावर उत्पादन पर आधारित उद्योगों का तेजी से विकास हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप यहां अन्य क्षेत्रों से बहुत से लोग आते हैं। जैसे-जैसे जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है, समग्र जीवन पर्यावरण में कठिनाइयां पैदा हो रही हैं और स्थानीय निवासियों के जीवन की गुणवत्ता बिगड़ रही है। ऐसे में कुछ लोग थे जिन्होंने शहर की सड़कों की सफाई करके एक सुखद स्थानीय वातावरण बनाने का बीड़ा उठाते हुए लोगों का ध्यान आकर्षित किया।


चर्च ऑफ गॉड वर्ल्ड मिशन सोसाइटी(प्रधान पादरी किम जू चिअल, इसके बाद चर्च ऑफ गॉड) के लगभग 70 विश्वासी और पड़ोसी कोरबा के बुधवारी बाजार में एकत्र हुए। जो ताज़ा हल्के हरे रंग की वास्कट पहनकर मुस्कुरा रहे थे, वे 'वैश्विक पर्यावरण सफाई आंदोलन' में भाग लेने वाले स्वयंसेवक थे। उन्होंने बुधवारी बाजार से




काशी नगर तालाब होकर सुभाष चौक से घंटाघर मार्ग के आसपास कचरा इकट्ठा करने के लिए दो घंटे की सफाई गतिविधि को अंजाम दिया। जैसे-जैसे इलाका साफ-सुथरा होता गया, वहां से गुजरने वाले निवासियों के चेहरे पर मुस्कान छा गई।

चर्च के एक अधिकारी ने कहा, सदस्य परमेश्वर की शिक्षा अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम रखो का अभ्यास करने के लिए एक साथ आए, चूंकि स्वच्छ आसपास का वातावरण खुशी सूचकांक को बढ़ाता है, हमें आशा है कि यह गतिविधि हमारे क्षेत्र की रहने के लिए एक बेहतर जगह बनने में मदद करे।

स्वयंसेवकों ने सड़कों पर अवैध रूप से फेंके गए विभिन्न कचरे को उठाया। वहां पुराने कपड़े, स्टायरोफोम, कांच की बोतलें, प्लास्टिक की वस्तुएं और लकड़ी सहित विभिन्न प्रकार की वस्तुएं थीं। उस दिन एकत्र किए गए कूड़े से लगभग 70 से 80 कि.ग्रा. कचरा इकट्ठा किया गया। विश्वासियों की स्वैच्छिक सेवा की खबर के जवाब में, कोरबा शहर ने झाड़ू और कूड़ेदान जैसी सफाई सामग्री प्रदान करके अपना आभार व्यक्त किया। घटनास्थल का दौरा करके प्रशासनिक अधिकारी -महापौर राज किशोर प्रसाद ने यह कहते हुए की - आज अत्यंत खुशी की बात है कि वर्ल्ड मिशन सोसायटी चर्च ऑफ गॉड जो एक सफाई से रिलेटेड ब्लड डोनेशन से रिलेटेड वर्ल्ड लेवल का एनजीओ है। इसके द्वारा कोरबा में आज सफाई अभियान किया गया और ये एनिवर्सरी मना रहे हैं और आज का जो सफाई कैंप है, सात हजार नौ सौ अठारवा क्लीनिंग कैंप है, इसके लिए इस संस्था के सभी साथियों को बधाई देता हूं। आप इतना पुन्य काम कर रहे हैं । ईमानदार स्वयंसेवा प्रयासों के लिए, चर्च ऑफ गॉड को प्रत्येक देश में सरकारों और संस्थानों ने 4,200 से अधिक पुरस्कार दिए हैं, जिनमें ब्रिटेन की रानी का पुरस्कार, संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति का पुरस्कार, कोरिया के राष्ट्रपति का पुरस्कार, ब्राजील में विधायी योग्यता पदक आदि शामिल हैं।






स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com